शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 09, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 04 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# भारत रत्न से नवाजे जाएंगे लाल कृष्ण आडवाणी

## इस बात की घोषणा करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने एक पोस्ट भी शेयर किया है, आडवाणी को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया

**नई दिल्ली**


**अटल** बिहारी वाजपेयी सरकार में उप प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ व कद्दावर नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस बात की घोषणा करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने एक पोस्ट भी शेयर किया है। इस घोषणा के बाद से आडवाणी को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है। कई भाजपा नेताओं ने लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई दी और कांग्रेस समेत कई विपक्षी नेताओं ने भी प्रतिक्रिया दी है।

**सीएम योगी ने दी बधाई**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई देते हुए कहा, "भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य, असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री आदरणीय श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का निर्णय, उनके सार्वजनिक जीवन में दशकों की सेवा, प्रतिबद्धता और राष्ट्र की अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता तथा राजनीतिक जीवन में शुचिता व नैतिकता के उच्च मानक स्थापित करने वाले उनके अद्वितीय प्रयासों को सम्मान प्रदान करने वाला है। आदरणीय आडवाणी जी को हार्दिक बधाई!"

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जताई खुशी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए बधाई देते हुए कहा, "हम सबके प्रेरणास्त्रोत एवं देश के वरिष्ठ नेता, श्रद्धेय लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिये जाने के निर्णय से बड़े हर्ष और आनंद की अनुभूति हुई है। वे राजनीति में शुचिता, समर्पण और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं। आडवाणी जी ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में अनेक भूमिकाओं में, देश के विकास और राष्ट्र निर्माण में जो महत्वपूर्ण योगदान किया है, वह अविस्मरणीय और प्रेरणास्पद है।" साथ ही, उन्होंने कहा, "भारत की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने में भी उनकी महती भूमिका रही है। एक राष्ट्रीय नेता के रूप में उन्होंने अपनी विद्वता, संसदीय एवं प्रशासनिक क्षमता से देश और लोकतंत्र को मजबूत किया है।





## कांग्रेस ने भाजपा पर कसा तंज

**कांग्रेस** सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, "निश्चित रूप से भारत रत्न पुरस्कार मिलने पर लालकृष्ण आडवाणी को बधाई देनी चाहिए। मैं भी बधाई देता हूं। कायदे से तो वे अपनी पार्टी की अपनी सरकार में सर्वोच्च पद के योग्य थे पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें कम से कम भारत रत्न दिया इसके लिए लालकृष्ण आडवाणी को बधाई।" वहीं, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने तो सुना था कि मोहन भागवत को भारत रत्न दे रहे हैं। उन्होंने आडवाणी को बधाई देते हुए कहा कि मोहन भागवत को भी भारत रत्न दिया जाएगा। वहीं, संदीप दीक्षित ने भी शुभकामनाएं दीं और कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी हर काम राजनीतिक फायदे के लिए करते हैं।

## राम मंदिर आंदोलन में निभाई अहम भूमिका

1980 की शुरूआत में विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में राम जन्मभूमि के स्थान पर मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन की शुरूआत की। बीजेपी के संस्थापक सदस्य लालकृष्ण आडवाणी राम मंदिर आंदोलन को चेहरा बने। ये यात्रा 1990 में सोमनाथ से अयोध्या के लिए शुरू की गई थी। आडवाणी को यात्रा के बीच में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। साल 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद कई लोगों को अभियुक्त बनाया गया था। इनमें लालकृष्ण आडवाणी का भी नाम था। बाद में कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया था। इसके अलावा उन्होंने 1997 में भारत की स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती मनाते हुए स्वर्ण जयंती रथ यात्रा निकाली थी।



**आदर्श वाक्य 'यह जीवन मेरा नहीं है, यह मेरे राष्ट्र के लिए है' ने मुझे प्रेरित किया है। आज मैं पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी को कृतज्ञतापूर्वक याद करता हूं, जिनके साथ मैंने काम किया है।**


*लालकृष्ण आडवाणी*

**पूर्व पीएम अटल को मिल चुका है ये सम्मान**

बता दें कि लालकृष्ण आडवाणी बीजेपी के दूसरे बड़े नेता हैं, जिन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा जाएगा।

इससे पहले पूर्व पीएम दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है।

## 2015 में मिला पद्म विभूषण अब भारत रत्न



**नई दिल्ली**

बीजेपी के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा जाएगा। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट कर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा- 'मेरे लिए ये भावुक क्षण है।' बता दें कि पाकिस्तान के कराची में जन्मे लालकृष्ण आडवाणी सबसे अधिक समय तक बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इतना हीं नहीं उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में भी अहम भूमिका निभाई थी।

**कराची से भारत तक का सफर**

लालकृष्ण आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को सिंध प्रांत (पाकिस्तान) में हुआ था। उन्होंने कराची के सेंट पैट्रिक्स स्कूल से पढ़ाई की है। 1942 में उन्होंने भारत छोडो आंदोलन के दौरान गिडूमल नेशनल कॉलेज में दाखिला लिया। इसके बाद उन्होंने 1944 में कराची के मॉडल हाई स्कूल में बतौर शिक्षक नौकरी की।

## जमीन घोटाला मामले में ईडी की टीम ताबड़तोड़ एक्शन

**नई दिल्ली**

**जमीन** घोटाला मामले में जेल में बंद बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के सामने ही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ की तैयारी है। हेमंत सोरेन को रांची के सदर थाने में एक जून 2023 को दर्ज कांड संख्या 272/23 में बुधवार की रात गिरफ्तार किया गया था। उनपर बरियातू की 8.5 एकड़ जमीन को अवैध तरीके से हड़पने का आरोप है। अब इस केस में भी ईडी ने भानु प्रताप प्रसाद को गिरफ्तार किया और उसे रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया है। रिमांड आवेदन पर सोमवार को सुनवाई होगी, जिसके बाद भानु प्रताप प्रसाद को रिमांड पर लेकर ईडी हेमंत सोरेन के सामने बैठाएगी और पूछताछ करेगी। इससे पहले भानु प्रताप प्रसाद को ईडी ने सेना के उपयोग वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार किया था और उनके ठिकाने पर छापेमारी की थी, जहां से भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज मिले थे। ईडी ने भानु प्रताप के विरुद्ध जालसाजी, सरकारी दस्तावेज के दुरुपयोग मामले में भारतीय दंड विधि से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की थी, जिसके बाद ही सदर थाने में एक जून 2023 को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। अब भानु की इस दूसरे केस में भी गिरफ्तारी हो गई है। भानु प्रताप प्रसाद की रिमांड पर रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। रिमांड मिलने के बाद हेमंत सोरेन व भानु प्रताप प्रसाद को आमने सामने बैठाकर ईडी पूछताछ करेगी।

## एनआईए ने दो माओवादियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन सीपीआई (माओवादी) द्वारा बिहार के मगध क्षेत्र में हिंसक नक्सलवाद को पुनर्जीवित करने से संबंधित मामले में दो आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। यह आरोप पत्र शुक्रवार को बिहार में पटना स्थित एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष दायर किया गया। इस आरोप पत्र में बिहार के कैमूर जिले के रोहित राय उर्फ प्रकाश उर्फ मनोज उर्फ पत्रकार उर्फ नेताजी और राज्य के औरंगाबाद जिले के प्रमोद यादव उर्फ प्रमोद कुमार का नाम शामिल है। शनिवार को एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इस मामले में आगे की जांच जारी है।

## छलावा है मोदी की गारंटी : खड़गे

**नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी छलावा है। उनके लिए गांव, गरीब, नौजवान और किसान प्राथमिकता नहीं हैं। खड़गे ने शनिवार को दिल्ली में न्याय संकल्प सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि 20 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा करके लोगों को बेरोजगार करना ही मोदी की गारंटी बन चुका है। उन्होंने कहा कि 15 लाख रुपये खाते में डालने जैसे जुमले को जनता अब समझ गई है। खड़गे ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि आज 30 लाख पद खाली पड़े हैं और सरकार जुमले छोड़ने और झूठ बोलने में व्यस्त है। उन्होंने दिल्ली महानगर में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) सर्वे की चर्चा करते हुए कहा कि यहां प्रतिदिन 03 बलात्कार होना राजधानी के हालात की वास्तविकता को दर्शाता है। खड़गे ने कहा कि इन घटनाओं पर जो लोग कांग्रेस शासन में मोमबत्ती लगाते थे, आज दिल्ली की जनता उन्हें ढूंढ रही है।




**लोगों के भावनाओं के साथ खेलती रही बीजेपी**

खरगे ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में बीजेपी सरकार सिर्फ भारत के लोगों की भावनाओं के साथ खेलती रही। इन्होंने छोटे व्यापारियों को मदद का भरोसा दिया, लेकिन कर्ज केवल बीजेपी-संघ के लोगों को दिया। गरीब को लोन मिलता ही नहीं है।

## 'पुरानी चुनौतियों से निपटने के लिए नया नजरिया जरूरी'

### बेहतर तालमेल तेजी से न्याय प्रदान करता है- पीएम मोदी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन में कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन - कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस 2024 के उद्घाटन समारोह में शिरकत की। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप अतुल्य भारत का पूरा अनुभव लें।



**सम्मेलन का उद्घाटन करना खुशी की बात**

पीएम मोदी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस सम्मेलन का उद्घाटन करना खुशी की बात है। मुझे खुशी है कि दुनिया भर से कानूनी विशेषज्ञ यहां आए हैं। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप अतुल्य भारत का पूरा अनुभव लें।

**'भारत की अध्यक्षता के दौरान जी20 का हिस्सा बना अफ्रीकी संघ'**

उन्होंने कहा- 'यहां अफ्रीका से अनेक लोग आए हैं। भारत का अफ्रीकी संघ के साथ विशेष संबंध है। हमें गर्व है कि अफ्रीकी संघ भारत की अध्यक्षता के दौरान जी20 का हिस्सा बना। इससे अफ्रीका के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में काफी मदद मिलेगी।

## अक्षयवट मार्ग पर क्रियायोग शिविर का उद्घाटन आज



**प्रयागराज ।** अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग गुरु के सानिध्य में आज से अक्षयवट मार्ग पर क्रियायोग शिविर का शुभारंभ होने जा रहा है । क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी के द्वारा यूट्यूब से प्रतिदिन ऑनलाइन क्लास का आयोजन किया गया है जो देश ही नहीं विदेशों में भी ऑनलाइन क्लास से क्रियायोग ध्यान की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं । वही बातचीत के दौरान क्रियायोग गुरु ने बताया कि विश्व नियमों के बन्धनों से मुक्ति पाने के लिए मनुष्य जीवात्मा जन्म लेता है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य के अन्दर सुषुप्त दिव्य इच्छा शक्ति जागृत हो जाती है और वह किसी भी सीमा को पार कर सकता है। क्रियायोग एक अद्भुत आध्यात्मिक संसाधन है जिससे मनुष्य किसी भी ग्रह -नक्षत्र के प्रभाव से अपने को मुक्त रखता है , अर्थात वह किसी ग्रह -नक्षत्र के दबाव में नहीं रहता है उस पर ग्रह - नक्षत्र कभी शासन नहीं कर सकते।

## हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बर्फबारी

**नई दिल्ली**

**उत्तर भारत** में अभी शीतलहर, बर्फबारी और बारिश से अभी राहत नहीं मिलेगी। हाल ही में उत्तर भारत के कई राज्यों में भारी बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी देखने को मिली है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिक नरेश ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से पूरे उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बने मौसम में बदलाव देखा गया है, इसी बीच एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ इस सप्ताह के अंत में पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम की स्थिति को बदलने के लिए तैयार है।



**अगले कुछ दिनों तक बारिश और बर्फबारी की संभावना**

आईएमडी के वैज्ञानिक नरेश ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, "कल से एक और पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित होना शुरू हो जाएगा, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बर्फबारी और बारिश होगी। हिल स्टेशनों के बीच 75 से 100 फीसदी बारिश और बर्फबारी की उम्मीद हो सकती है।"

**पंजाब, हरियाणा समेत उत्तर भारत में होगी ओलावृष्टि**

नरेश ने कहा कि 4 फरवरी को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी की उम्मीद है>

## सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स फिर बढ़ाया, नई दरें लागू

**नई दिल्ली**

सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को 1,700 रुपये प्रति टन से बढ़ा कर 3,200 रुपये प्रति टन कर दिया है। वहीं, डीजल, पेट्रोल और विमानन टरबाइन फ़्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को शून्य पर रखा है। नई दरें शनिवार, 3 फरवरी से लागू हो गई है।

आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को 1,700 रुपये प्रति टन से बढ़ा कर 3,200 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। इससे पहले 16 जनवरी को कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स की दर 2,300 रुपये टन से घटा कर 1,700 रुपये टन की गई थी।

## कांग्रेस राज में ओडिशा को हक के लिए परेशान होना पड़ता था: मोदी

**संबलपुर/नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को केंद्र की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक दशक पहले ओडिशा को अपने अधिकारों के लिए भी परेशान होना पड़ता था। अब ओडिशा के विकास के लिए फंड की कोई कमी नहीं है। प्रधानमंत्री ने ओडिशा के संबलपुर में भाजपा की जनसभा में कहा कि 2014 के पहले 10 वर्षों तक केंद्र में जो सरकार थी वह बजट में जितनी घोषणाएं करती थी, उससे कई गुना बड़े घोटाले करती थी। 2014 से पहले भारत का युवा निराशा में डूबा था, उसका भविष्य अंधेरे में था, आज भारत का युवा आत्मविश्वास से भरा है क्योंकि उसके पीछे ईमानदार भाजपा सरकार खड़ी है। दिल्ली में जब कांग्रेस का राज था, तब ओडिशा को अपने हक के लिए भी परेशान होना पड़ता था। आज आपका ये बेटा दिल्ली में बैठा है, इसलिए आज ओडिशा के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। अपनी सरकार को सच्चे अर्थों में गरीब हितैषी बताते हुए मोदी ने कहा कि दो दिन पहले देश का अंतरिम बजट पेश किया गया। पिछले 10 वर्षों में जिस नीति पर चलते हुए देश के 25 करोड़ लोग, गरीबी से बाहर निकले हैं, ये बजट उसी नीति को और मजबूत करता है। बजट का ऐलान गरीबों को सशक्त करने की गारंटी है। हमारे युवा हों, महिलाएं हों, किसान हों, मछली पालक हों, ये बजट सबके विकास की गारंटी देता है। पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर प्रधानमंत्री ने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देना राष्ट्र प्रथम की विचारधारा का सम्मान है। आज भाजपा के हर एक कार्यकर्ता के लिए गर्व और गौरव का दिन है। आज देश ने हम सब के आदरणीय नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा की है। ये सम्मान हम सब कार्यकताओं का सम्मान है, ये सम्मान उस विचारधारा का सम्मान है जो राष्ट्र प्रथम को लेकर चलती है, ये सम्मान दो सांसद वाली पार्टी से चलकर देश और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का और कार्यकर्ताओं के संघर्षों का सम्मान है। कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा, आडवाणी ने भारतीय लोकतंत्र को एक पार्टी की पकड़ से बाहर निकालने के लिए लगातार संघर्ष किया और सभी का मार्गदर्शन किया। उन्होंने भाई-भतीजावाद की विचारधारा को चुनौती दी और भारत के लोकतंत्र को सभी समावेशी और राष्ट्रवादी विचारधाराओं से जोड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 10 वर्षों में हमने उन गांवों में भी बिजली पहुंचाई, जो देश की आजादी के बाद भी अंधेरे में थे। हम एलईडी बल्ब की नई क्रांति देश में लाए ताकि गरीब का बिजली बिल कम हो। अब हमारा प्रयास है कि देश के गरीब का बिजली बिल जीरो हो जाए इसलिए इस बजट में एक करोड़ परिवारों के लिए रूफटॉप सोलर पावर स्कीम की घोषणा की गई है।



## संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 202 शिकायतें आयीं

# जीवित महिला को मृत दिखाकर हड़प ली जमीन, एसडीएम ने बैठाई जांच

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** फरवरी माह के प्रथम शनिवार को एसडीएम मेजा जयजीत कौर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें मेजा क्षेत्र के हरदिहा गांव में जीवित महिला को मृत दिखाकर एवं फर्जी दस्तावेजों के सहारे भूमि हड़पने का मामला सामने आया है। शारीरिक रूप से कमजोर महिला ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित महिला सुखराजी देवी ने बताया कि जब वह खतौनी लेने पहुंची तो उसे उस समय पता चला कि उसकी जमीन फर्जी तरीके से राजस्व कर्मियों की मिली भगत से अवैध रूप से खरीद ली गई है। पीड़ित महिला को जब युवक गोदी में लेकर पहुंचा तो सभी की निगाहें बरबस उसकी ओर हो गईं। जानकारी होने पर कि महिला को 19 नवंबर 22 को मृतक दिखाकर 30 नवंबर 22 को मुड़पेला निवासी शिवशंकर व शारदा प्रसाद के नाम वारिस के रूप में दर्ज किया गया। मामले में एसडीएम ने फाइल तलब कर जांच बैठा दी है। इसी क्रम में



भिंगारी निवासी बेचनलाल ने दबंगों द्वारा इंटरलॉकिंग रास्ते में अवैध रूप से मकान बना लिए जाने की शिकायत की। इसी क्रम में विभिन्न विभागों से कुल 202 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें राजस्व से 86, पुलिस से 30, विकास से 40, समाज कल्याण से 4 और अन्य से 42 मामले दर्ज हुए। सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को एक सप्ताह में निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता, तहसीलदार मेजा रवि प्रकाश, मेजा,मांडा और लालतारा के नायब तहसीलदार, बीडीओ उरुवा दिनेश सिंह, एडीओ पंचायत अखिलेश तिवारी सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस कोरांव : एसडीएम, तहसीलदार ने दिए कार्यवाही के निर्देश

अखंड भारत संदेश

### ग्राम प्रधान अल्हवा ने स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण कार्यदाई संस्था के विरुद्ध की शिकायत

**कोराव।** तहसील दिवस कोरांव में एसडीएम अविनाश यादव तथा तहसीलदार अजय संतोषी,के नेतृत्व में नायब तहसीलदार अनिल कुमार,इंस्पेक्टर थाना कोरांव भारती ने लोगों की समस्याएं सुनी। ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे सोशल एक्टिविस्ट ने सरकार द्वारा स्वीकृत सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र अल्हवा के निर्माण कार्य काफी दिनों से अधूरा छोड़े जाने पर हो रही दिक्कतों को ले कर कार्यदाई संस्था के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। इसी प्रकार अल्हवा में एक किमी की निर्मित पंद्रह साल पूर्व पक्की सड़क नष्ट हो जाने के बाद कई बार मरम्मती करण की मांग किए जाने पर मरम्मत न होने की शिकायत की। जिस पर ए ई पीडब्ल्यूडी को कार्यवाही का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार विभिन्न शिकायतों की निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कई शिकायत कर्ता एक ही मामले का निस्तारण समुचित रूप से निस्तारण न होने पर बार बार पुनः शिकायत आ रही हैं। समाधान दिवस में वकीलों और अधिवक्ताओं की रस्सा कसी एवं लेखपालों की हड़ताल के कारण वादकारी फरियादी परेशान दिखे।



## पत्रकार रक्षक एकता सेवा संघ के लेटर पैड पर डीसीपी गंगानगर ने लिया एक्शन कार्यवाही करने का दिया आश्वासन

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाने में हो रहे पीड़ितों के साथ एवं अन्य के साथ हो अन्याय को लेकर पत्रकार रक्षक एकता सेवा संघ ने डीसीपी को एक ज्ञापन देकर दलित पीड़ित परेशान को न्याय दिलाने के लिए कहां कि जो थाने पर तहरीर देकर चले जाते हैं और उन्हें वापस मऊआइमा के इंस्पेक्टर नहीं बुलाकर सुनते हैं। पीड़ितों की बातें सुनकर पत्रकार रक्षक एकता सेवा संघ ने निर्णय लिया और पीड़ित के साथ पुलिस आयुक्त गंगानगर के पास पहुंच कर ज्ञापन दिया। तथा पत्रकार रक्षक एकता सेवा संघ के सदस्य एकजुट होकर के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए डीसीपी साहब से बात को रखा। पत्रकार रक्षक एकता सेवा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र पटेल ने डीसीपी साहब से बात कर के पीड़ितों को न्याय दिलाने को कहा। तो डीसीपी साहब ने पीड़ितों को न्याय दिलाने का पूरा आश्वासन दिया और कहा कि पीड़ितों के साथ न्याय किया जाएगा।

# 900 किलो मीटर की यात्रा तय करेगा अयोध्या नगरी को निकला रामभक्त

**कौंधियारा।** अयोध्या मंदिर में रामलला विराजामान हुए है, उस दिन से लगातार भगवान राम के दर्शन पाने के लिए राम भक्तों की तादाद बढ़ती ही जा रही है। कई भक्त अनोखे अंदाज में मयार्दा पुरुषोत्तम राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या नगरी पहुंच रहें है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ से उल्टा चलकर पैदल अयोध्या नगरी जा रहा राम भक्त चर्चा में है। प्रयागराज के जारी बाजार हाईवे से गुजरता हुआ एक ऐसा भी राम भक्त दिखाई दिया, जो सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर अयोध्या नगरी पहुंचेगा। राम भक्ति में लीन युवा भक्त छत्तीसगढ़ निवासी है, जो की डोंगरगढ़ जिले भगवान राम के दर्शन करने के लिऐ अयोध्या जा रहा है, लेकिन यह राम भक्त कोई आम भक्त भी नहीं है, क्योंकि इस राम भक्त में मयार्दापुरुषोत्तम के प्रति इतनी आस्था है की यह पैदल है 900 किलोमीटर की यात्रा पर निकल गया, जो उल्टा चलकर अयोध्या तक की यात्रा पूरी करेगा। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ जिले का निवासी है भक्त छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ जिले के निवासी राम भक्त मिहुल लखानी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया की वह डोंगरगढ़ जिले से 22 दिसंबर को अयोध्या धाम के लिए यात्रा पर निकले है। उन्होंने इस यात्रा को अपने जिले से उल्टा चलते हुए शुरू की थी और वह इसी तरह ने उल्टा चलकर ही अयोध्या की यात्रा को पूरा करेंगे।उल्टा चलाना स्वास्थ के लिए भी बेहतर राम भक्त मिहुल लखानी का कहना है उनके उल्टा चलकर अयोध्या धाम जाने की



मुख्य वजह यह है कि वह वर्षों से देखते आ रहे है कि लोग देखते सीधा है, चलते सीधा है, खाते सीधा है, लेकिन हमारे समाज के लोग ही ऐसे है जो सारे काम उल्टे करते हैं। उन्हे सद्बुद्धि मिले इस लिऐ उन्होंने ने इस तरह की यात्रा शुरू की है। राष्ट्र और धर्म के लिऐ समर्पित उलटा चलकर अयोध्या की पैदल यात्रा मिहुल बताते है की प्रभु राम ने उन्हे मार्ग दिखाया है और इतनी शक्ति दी है कि वह लागातार उल्टे पैर पैदल यात्रा करके अयोध्या धाम जाएंगे। राम भक्त मिहुल लखानी का कहना है कि जो भी हमारे साधु संत है वह राष्ट्र और धर्म के लिऐ अपना सबकुछ समर्पित करने के लिए तैयार है। राष्ट्रीय राज मार्ग के जारी बाजार में सत्येंद्र केशरवानी सीपू के यहाँ शुक्रवार को रात भोजन एवं विश्राम किये और शनिवार की सुबह अयोध्या धाम के लिए रवाना हो गए।

### सुमित तिवारी युवा एवं खेल मंत्रालय के जिला सलाहकार समिति के सदस्य बने



**जंघई।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सुमित तिवारी को जिला सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले युवाओं के हितों में उत्कृष्ट कार्य करने शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्ति के श्रेणी के अंतर्गत संगठन से संबंधित युवा कार्यक्रम हेतु हरीपुर उर्फ मिश्रपुर मर्रो निवासी सुमित तिवारी पुत्र बालकृष्ण तिवारी को जिला सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया है।इससे उनके परिचितों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। सुमित तिवारी ने कहा कि वह पूरी निष्ठा के साथ युवाओं के हितों में कार्य करेंगे बता दें कि सुमित तिवारी वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा के शोध प्रमुख भी हैं। शिवकुमार तेजस्वी, इंद्र बहादुर कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष प्रमिल मिश्रा, सुनील पांडेय, महामंत्री प्रवीण पांडेय, विजय नाथ बिंद मंडल अध्यक्ष, वीरेंद्र मौर्य महामंत्री, सत्यम, शुभम, प्रेम सागर एवं क्षेत्र के तमाम लोगों ने सुमित तिवारी को बधाइयां दी है।

# भू अतिचारी अभियुक्तों की जोती बोई फसल काटने पर रोक

## भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा सचिव ने जारी की नोटिस, यदि अभियुक्त फसल काटेंगे तो पुनः होगी एफआईआर : सचिव

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** तहसील कोरांव मे स्थिति ग्राम सभा अल्हवा में तीन कोटेदार अल्हवा सहित तीन लोगों द्वारा अतिक्रमित की गई ग्राम समाज और चकमार्ग की भूखंड पर मनमाने ढंग से बोई जोती गई फसल के सापेक्ष दर्ज एफआईआर के पश्चात फसल को काटने या उक्त भूखंड को इस्तेमाल किए जाने पर भूमि प्रबंधक समिति अध्यक्ष ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी और सचिव राजस्व लेखपाल अतुल तिवारी ने रोक लगा दी है। उक्त जानकारी अतुल तिवारी राजस्व विभाग ने बताया कि तहसीलदार महोदय के नेतृत्व में गठित राजस्व,पुलिस टीम ने सीमांकन के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में थाना कोरांव में दर्ज मुकद्मा अपराध संख्या 25/2024 धारा 3/5 लोक संपत्ति निवारण अधिनियम के अभियुक्त कोटेदार अल्हवा लाल बहादुर पाल और पवन कुमार पाल तथा अवध नारायण सिंह को चेतावनी दी जा रही है कि जिन भू खंडों पर



मुकद्दमा दर्ज हुआ है,उस पर अब कदापि कब्जा नहीं करेंगे और न ही फसल काटेंगे। अब उक्त भूखंड पर जोती बोई गई फसल ग्राम सभा की है। ग्राम सभा/ भूमि प्रबंधक समिति उक्त फसल को कट वाएगी । यदि उक्त अभियुक्तों ने फसल काटने का दुस्साहस किया तो पुनः उक्त अपराध की सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज होगी। उक्त केस की विवेचना पुलिस थाना कोरांव द्वारा की गई है। और अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## शिक्षा ज्ञानार्जन एवं प्रयोग के लिए स्मार्ट फोन महत्वपूर्ण : प्रमुख गीता सिंह




**सहसों।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा के विकास एवं प्रयोग के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन/टैबलेट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। शांति महाविद्यालय बगई कला, बगई खुर्द में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने छात्र छात्राओं में स्मार्टफोन वितरित किया तथा अपने संबोधन में उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि अनुशासित छात्र जीवन में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा में संकल्प के साथ अच्छी शिक्षा का ज्ञानार्जन के महत्व को समझते हुए आज के इस डिजिटल एवं इंटरनेट शिक्षा के माध्यम में सही उपयोग करते यह स्मार्टफोन बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस मौके पर महाविद्यालय के कुल 118 छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन पाकर महाविद्यालय के बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक एवं भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी के प्रति आभार जताते धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डीपी शुक्ला, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , ए पी सिंह, हृदय नारायण एवं महाविद्यालय के कर्मचारी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# सपा पीडीए अभियान ही एनडीए को शिकस्त देगा : पप्पू निषाद

**करछना।** समाजवादी पीडीए जन पंचायत सेक्टर नंबर 4 ग्राम मवैया तथा सेक्टर नंबर 6 के ग्राम ब्वोहरा में आयोजित की गई जिसमें वक्ताओं ने समाज के पीड़ित, दलित, पिछड़े तथा अल्पसंख्यक व शोषितों के प्रति भाजपा सरकार की दोमुही नीतियों का खुला विरोध किया गया। वक्ताओं ने समाज में संविधान की धज्जियां उड़ाने वाली भाजपा सरकार को सचेत किया। ग्राम सभा ब्योहरा में मुख्य अतिथि पद पर बोलते हुए बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी ने कहा कि बाबा साहब ने अपने दो पुत्रों का बलिदान देकर संविधान की संरचना की थी जिसमें समाज के कमजोर, पिछड़ों, दलित, अल्पसंख्यक तथा शोषित वंचितों का अधिकार देकर उन्हें आरक्षण प्रदान किया था।



जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने समाज में गरीब महिलाओं के लिए समाजवादी पेंशन योजना, कन्याओं को उच्च शिक्षा के लिए कन्या विद्याधन योजना तथा बेरोजगारों के लिए बेरोजगारी भत्ता देकर इतिहास बनाया था। विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू ने जातीय जनगणना की मांग करते हुए समाज के हर वर्ग को जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी की वकालत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वजीर खां, जयशंकर भारती, इंजी जगदीश यादव, मंगला प्रसाद पाल तथा विशेष उपस्थिति में डॉ उमेश यादव, शाहबाज हक, महेंद्र सरोज, कमलेश पुष्कर, डॉ अफजल, नीरेंद्र सिंह, गीता पासी, कन्हैयालाल पाल, वीरेंद्र शैलेश आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमेश भारती, सतराज निषाद, राम कैलाश शर्मा, प्रेम शंकर यादव पार्षद, केशव प्रसाद विश्वकर्मा, ओ पी सिंह पटेल, रोशन लाल प्रजापति, देवराज निषाद, शिव प्रसाद यादव, शेखर निषाद, सोम्मारी देवी निषाद, रामबाबू पाल, विमल यादव, समीर यादव सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## न्यूज झरोखा

### बोल-बम कांवरिया संघ द्वारा कुंदौरा धाम में समर सेबल एवं टंकी लगवाया गया



**जंघई।** श्री हरिहर धाम कुंदौरा मंदिर प्रांगण में बोल बम कांवरिया संघ द्वारा मंदिर में समरसेबल पंप तथा मंदिर के उपर पानी की टंकी लगवाया गया। इससे मंदिर के अंदर भगवान की विभिन्न मूर्तियों एवं मंदिर परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से होगी। जंघई निवासी लल्लन दुबे के नेतृत्व में यह पुनीत एवं कार्य किया गया है। मंदिर समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल गौड़ ने इस धार्मिक कार्य हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### राजकरन यादव बने सपा व्यापार सभा के जिला उपाध्यक्ष



**करछना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद तथा प्रदेश अध्यक्ष व्यापार सभा प्रदीप जायसवाल की संस्कृति से राजकरण यादव को समाजवादी व्यापार प्रयागराज जिला के सपा व्यापार सभा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है वहीं राजकरण यादव को सपा व्यापार सभा के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए सपा के बृजेश यादव अभिषेक सिंह पंकज सिंह धर्मपाल राहुल सिंह उमेश यादव आदि बड़ी संख्या में सपा कार्यकताओं ने राजकरण को बधाई दी है।

### रमेश दूबे पुनः नियुक्त हुए भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**सहसों।** भाजपा मंडल सहसों के चंदौहां गांव निवासी व श्री राजाराम तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुलालपुर के शिक्षक रमेश कुमार दूबे को भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र द्वारा गंगापार शिक्षक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक पुनः मनोनीत किया गया है। उनके इस मनोनयन से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। बधाई एवं हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी, डॉक्टर आशुतोष तिवारी, रामदत्त तिवारी, अनिल सरोज, राजधर द्विवेदी, जय प्रकाश द्विवेदी, वेदमणि तिवारी एवं अशोक मिश्रा सहित आदि लोग रहे।

### वारी-दुगार्गंज मार्ग में गड्ढे ही गड्ढे आवागमन बाधित



**जंघई।** प्रयागराज-भदोही जनपद को जोड़ने वाली सड़क दुगार्गंज-वारी संपर्क मार्ग मरम्मत के अभाव में जगह जगह टूट गई है जिसके कारण आवागमन करने वाले राहगीरों में काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों मरम्मत हेतु सबसे गुहार लगाई लेकिन सबने अनसुना कर दिया सड़क गड्ढे में तब्दील हो चुकी है आम जनमानस टकटकी लगाये देख रहा है कि कब सड़क की मरम्मत होगी लेकिन जनप्रतिनिधियों या प्रशासन का ध्यान इस सड़क पर नहीं जा रहा। इस सड़क पर 24 घंटे आवागमन है रहता है लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं हो रही है आम नागरिक मायूस विवश एवं लाचारी में नजर आ रहा कि सड़क मरम्मत की गुहार किससे लगाएं जो सुनकर सड़क मरम्मत करवाए प्रयागराज एवं भदोही जनपद को जोड़ने वाली इस सड़क पर दोनों जिलों में मरम्मत के नाम पर लीपापोती होती है इसलिए सड़क जल्दी टूट जाती है।

# वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया

**जसरा।** विकास खंड जसरा के परिसर में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेला का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष जगतनारायण शुक्ला द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ। प्रभारी बीडीओ विज्ञान प्रभाकर शुक्ल ने बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार बेरोजगारी दूर करने के लिए यह आयोजन प्रत्येक विकास खंडों में चला रही है। इसमें चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा नियुक्ति पत्र देकर रोजगार उपलब्ध करायेगी। प्रतिभाग करने वाली कंपनियों में चयनित एलआईसी आफ इंडिया में 20 लोग चयनित हुए। इसी तरह ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एंड आयुर्वेदिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में 45,मदर्सन प्राइवेट लिमिटेड में 75, गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड में 33, डिजर्व कोरियर केयर प्राइवेट लिमिटेड में 30,न्यूईरा कंट्रक्शन एंड डिजाइन में 25 एवं आरोहन फाइनेन्स प्राइवेट लिमिटेड में 11 लोगों का चयन किया गया है। इस तरह कुल चार सौ दस लोगों के सापेक्ष में दो सौ उन्तालीस लोगों का चयन रोजगार मेले में किया गया। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज के अधिकारी आरुख अहमद ने बताया कि फरवरी माह के अन्त तक एक






और रोजगार मेले का आयोजन जसरा में किया जाएगा। जिसमें क्षेत्रीय लोगों को दोबारा मौका दिया जा सके। इस अवसर पर कौशल मिशन से गुलाब चन्द्र,राकेश सिंह, राजेश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि आलोक पाठक,श्याम बिहारी द्विवेदी, अशोक तिवारी,महेश शुक्ला सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ ने ग्राम सभा बरेठी में बने प्राथमिक विद्यालय एवं अमृत सरोवर का किया निरीक्षण

**उतरांव।** ब्लाक सैदाबाद के ग्राम सभा बरेठी में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय बरेठी में शुक्रवार को सीडीओ प्रयागराज गौरव कुमार ने निरीक्षण किया। और विद्यालय में बने शौचालय भवन पानी की टंकी आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका संगीता ने सीडीओ से कहा कि विद्यालय के कमरों की छत बारिश के समय पानी टपकता है। जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। जहां सीडीओ ने उसे ठीक कराए जाने का आश्वासन देते हुए दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापको को विद्यालय की साफ सफाई व मानक के अनुरूप रंगाई पुताई खिड़कियों में जाली लगवाने के साथ खिड़की के पल्ले बदलवाने के लिए निर्देशित किया। प्राथमिक विद्यालय के समरसेबल से जो भी पानी आ रहा है। वह बालू युक्त होने के कारण बच्चों को पानी पीने में समस्या हो रही है। जिसका निस्तारण कराने के लिए बीडीओ सैदाबाद को सीडीओ ने निर्देशित किया। इसके बाद उनके द्वारा ग्राम सभा में बने शौचालय व गड्ढे देखे गए। इसके बाद बरेठी ग्राम सभा में बनाई गई अमृत वाटिका का निरीक्षण किए और उनके द्वारा किए गए कार्य से संतुष्ट नहीं थे। और



ग्राम प्रधान व सचिव को बाउंड्री कराए जाने का निर्देश दिया इसके बाद जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी के निरीक्षण के दौरान ठेकेदार द्वारा सिर्फ बोर के अलावा तीन माह से कोई काम न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। इसके बाद ग्राम सभा पकड़ी में बने जल जीवन मिशन के अंतर्गत बने पानी की टंकी का निरीक्षण किया।इस मौके पर पीडी प्रयागराज अशोक कुमार, वीडीओ सैदाबाद आर के सेठ, ग्राम प्रधान बरेठी रामदीन भारतीया, सचिव नेहा राय, नागेंद्र सिंह उर्फ चच्चू, गयाप्रसाद मास्टर ,पवन सिंह बीडीसी, पिंटू सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

## नगर निगम की बैठक में तय हुआ विकास का खाका

# बालसन चौराहे पर लगेगी मदन मोहन मालवीय अटल बिहारी वाजपेयी, अशोक सिंघल की प्रतिमा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नगर निगम सदल के हाल में आज शनिवार को कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। करीब नौ घंटे तक चली इस बैठक में शहर के विकास पर चर्चा हुई।

बैठक में पुनरीक्षित आय व व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2023-2024 पर चर्चा हुई। अध्यक्षता कर रहे महापौर व नगर आयुक्त की मौजूदगी में एक-एक प्रस्तावित कार्यों का विवरण पेश किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा उठाई गई वार्डों की समस्याओं पर काम देखने वाले अफसर सफाई देते रहे। हालांकि सदस्यों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों पर जवाब देने में कई अफसर परेशान दिखे।

निर्णय लिया गया कि बालसन चौराहे पर मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी वाजपेयी व अशोक सिंघल की प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया गया।इस दौरान पिछले वित्तीय वर्ष की अपेक्षा नए वित्तीय वर्ष में शहर के विकास पर खर्च होने वाले बजट को बढ़ाकर 13 अरब नौ करोड़ 65 लाख 70 हजार रुपये किया गया। शहर में मार्ग प्रकाश से लेकर कूड़ा व मलबा निस्तारण करने वाले कंपनियों के बदतर कार्यों को लेकर सदस्यों का का पारा चढ़ा रहा।

### मेला क्षेत्र से सटे वार्डों का होगा विकास

शहर में मार्ग प्रकाश यानी स्ट्रीट लाइट का कार्य कराने के लिए दो कंपनियों को टेंडर दिया गया है। कंपनियों की लापरवाही से स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था ठीक नहीं है। कुछ सड़कों व वीआईपी एरिया को छोड़ दिया जाय तो ज्यादातर गलियों व मोहल्लों में एवं सड़कों पर रात में अंधेरा पसरा रहता है। कार्यकारिणी के सदस्यों ने कहा कि स्ट्रीट लाइट नहीं जलने या खराब होने की पार्षदों द्वारा दी जाने वाली सूचना पर भी कंपनी काम नहीं करती। जब पार्षदों की बात कंपनी नहीं सुनती तो आम लोगों की शिकायत पर समस्या के निस्तारण का सवाल ही नहीं उठता। सर्व सम्मति से नगर निगम कार्यकारिणी ने कंपनी का टेंडर टाइम समाप्त होने के बाद रिन्यूवल नहीं करने का निर्णय लिया. निर्णय यह भी लिया गया कि अब मार्ग प्रकाश का काम खुद नगर निगम ही देखेगा। यदि इस पर अमल हो गया तो मार्ग प्रकाश का काम देख रही कंपनी के लिए यह बड़ा झटका होगा। इसके बाद वर्ष 2025 में लगने वाले महाकुंभ मेला क्षेत्र से सटे वार्डों में विकास का प्रस्तावित डेढ़ करोड़ का बजट पेश किया गया। इस पर चर्चा के बाद इस मेला बजट को बढ़ा कर कार्यकारिणी ने तीन करोड़ करने को मंजूरी दी।

# गोविंद दास महाराज का खाक चौक के महंत पर हुआ पट्टा अभिषेक



**झूंसी।** माघ मेला क्षेत्र में शनिवार को गोविंद दास महाराज का खाक चौक के महंत पद पर अभिषेक किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संतोष दास सतुआ बाबा मौजूद रहे। गोविंद दास महाराज का अभिषेक पूरे विधि-विधान से किया गया। इस मौके पर खाक चौक के व्यवस्था समिति के दामोदर दास जी महाराज, हिटलर बाबा, गोपाल दास, रामनरेश दास, शशिकांत दास, लक्की दास महाराज, परशुराम बाबा, परासर जी महराज, संदीप कुमार तिवारी, मोनू आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज की कलाकार को प्रधानमंत्री ने अपने नमो ऐप पर ट्वीट किया

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** ललित कला अकादमी, दिल्ली और एनडीएमसी ने संयुक्त रूप से विकसित भारत एंबेसडर स्ट्रीट आर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण के लिए दिल्ली की 20 वरिष्ठ महिला चित्रकारो को आमंत्रित करा गया जिसमें प्रयागराज की चित्रकार गुन्जन द्विवेदी को भी आमंत्रित करा गया जो कि सूचना प्रसारण मंत्रालय और नेशनल बुक ट्रस्ट में फ्री लैसिंग इलस्ट्रेशन आर्टिस्ट है 60 पुस्तकों के कवर वा इलेस्ट्रेशन बना चुकी है खुद की पुस्तक ₹ टुन्नी की जुबानी लिख वा चित्रित₹कर चुकी हैं 7 राज्यों में उनकी बनाई कला की पुस्तकें भी स्कूलों में चल रही है। इन्होंने रंगोली के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को थ्री डी स्टाइल में मिक्स मीडिया से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर एनडीएमसी सदस्य ने कलाकारों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। कुलवीर चहल जी ने कहा कि श्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने जिसने महिला सशक्तिकरण के लिए रिकॉर्ड तोड कार्य किया।2047 में विकसित भारत की कल्पना बिना महिला भागीदारी के नहीं की जा सकती। इसीलिए सशक्तिकरण विकसित भारत की नींव में मिल का पत्थर साबित होगा। 75वे गणतंत्र दिवस के दौरान भी नारी शक्ति विकसित भारत की भावना को मजबूती से मनाने के लिए 20 प्रतिष्ठित वरिष्ठ महिला चित्रकारो को आमंत्रित करा गया था कि प्रदेश भारत की नारी सशक्तिकरण के योगदान को प्रदर्शित करें। जिसको बड़ी सराहना मिली। जिसको स्वय प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी जी के ट्विटर एकाउंट में भी सराहा गया और उन प्रतिष्ठित वरिष्ठ चित्रकारो की फोटो भी पोस्ट की गई।

## भाजपा नेता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में लूट व रंगदारी का मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** प्रयागराज में भारतीय जनता पार्टी यूवा मोर्चा के महानगर मंत्री मोनू सोनकर व अन्य के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में लूट व रंगदारी वसूलने का मुकदमा दर्ज। प्राइवेट कंपनी में ड्राइवर का काम करने वाले अरुण कुमार सिंह कंपनी में काम करने वाले लेबर को छोड़ने के लिए सिविल लाइंस बस स्टैंड गया था। जहां भाजपा नेता मोनू सोनकर, बंटी सोनकर, सुमित सोनकर व अन्य 4- 5 लोग आए और 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगने लगे और न देने पर ड्राइवर की जमकर मारपीट की गई और जेब से 1500 रुपए छीन लिया। पुलिस ने भाजपा नेता समेत अन्य के खिलाफ रंगदारी वसूलने, लूट समेत कई अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू दी है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस- तहसील सदर

# जन-शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 123 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 07 शिकायतों को मौके पर ही किया गया निस्तारित



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शनिवार को सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम ने लोगों की शिकायतों को सुनते हुए राजस्व, पुलिस एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को गुणवत्ता पूर्वक एवं समय बद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये हैं साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। डीएम ने प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी कि निस्तारण में विलम्ब पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 123 शिकायतें आयीं, जिनमें से 07 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आज ही अपने विभागों से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर एडीएम नगर मदन कुमार, एसडीएम सदर सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# जेल में बंद पति को बेल दिलाने के नाम पर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ दो दोस्तों के रेप करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने औद्योगिक थाने में दोनों दोस्तों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित महिला ने बताया कि उनके पति किसी मामले में जेल में बंद हैं। उन्हें के बेल के लिए पूर्व से परिचित औद्योगिक क्षेत्र के रहने वाले एक शख्स ने बातचीत के लिए उन्हें शुक्रवार सुबह अपने घर पर बुलाया था। घर पहुंचकर दरवाजा खटखटाया तो एक अज्ञात व्यक्ति ने दरवाजा खोलकर उन्हें अंदर ले गया।आरोप है कि वह कमरे में पहुंची तभी पीछे से सुरेश नंदन उन्हें दबोच लिया। उसके बाद उनका मोबाइल फोन छीनकर वह और उसके दोस्त ने बारी-बारी से उसके साथ रेप किया। उसके बाद दोनों ने धमकी दिया कि यदि मामले की कहीं शिकायत करोगी तो तुम्हें जान से मार देंगे। उधर औद्योगिक थाना इंस्पेक्टर का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। सही पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

### विवाहिता ने बुजुर्ग पर लगाया दुराचार का फर्जी आरोप

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को एक विवाहिता ने तहरीर देकर बुजुर्ग पर दुराचार करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि जांच में आरोप फर्जी पाया गया। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान पाया गया कि बुजूर्ग की उम्र 65 वर्ष लगभग है। वह चलने में अस्वस्थ है। दो साल पूर्व नैनी कोतवाली क्षेत्र में उसके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसकी वह पैरवी कर रहा है। एसओ महेश मिश्रा ने बताया कि उक्त प्रकरण में तहरीर देने वाले का पति जेल में बंद है। जांच में यह पता चला है कि विवाहिता बुजुर्ग पर मुकदमा दर्ज कराकर उसके बेटे की हत्या के मुकदमे की पैरवी छोड़ दे इसी का दबाव बनाने के मुकदमा दर्ज कराने को तहरीर दी है।



# एंटी रोमियो स्क्वायड ने विद्यालयों में जाकर छात्राओं को किया जागरूक


**मऊआइमा।** प्रदेश की योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति नारी सुरक्षा पर छात्राओं को एंटी रोमियो स्क्वायड दस्ता ने जागरूक किया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के इम्पीरियल स्कूल आफ एक्सीलेंस में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन सशक्त नारी पर सब इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सुब्बा राजभर, कांस्टेबल पूजा यादव, कांस्टेबल शिकांत यादव, मंजीत सिंह आदि ने छात्राओं को किसी अनहोनी होने तथा रास्ते में छेड़खानी करने वाले शोहदों के खिलाफ बेझिझक थाने में सूचना दें। छात्राओं को बताया गया है कि यदि कोई शोहदा बदतमीजी करता है तो थाने में अथवा 108 नम्बर पर सूचना दें।ऐसी छात्राओं का नाम गुप्त रखा जाएगा।यही नहीं मऊआइमा एंटी रोमियो स्क्वायड दस्ता ने राह चलती महिलाओं और लड़कियों को घूम घूम कर उनके अधिकारों के बारे में बताया।

# खाक चौक में कल्पवासी के शिविर में लगी आग पूरा सामान जलकर राख, अफरा-तफरी



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेले में खाक चौक में कल्पवासी शिविर में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग से शिविर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पाकर पहुंचे दमकलकर्मियों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। खाक चौक सेक्टर तीन में विजयराम भक्तमाल महाराज के शिविर में शनिवार को आग लग गई। इसमें एक टेंट जलकर राख गया है। इसमें कल्पवासी का पूरा सामान भी जल गया। आशंका जाहिर की जा रही है कि चूल्हे की चिन्गारी के आग लगी है। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाया।



# शीतला महोत्सव में सजेगा बागेश्वर धाम का दिव्य दरबार

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के कुंवरपट्टी स्थित सोना भवन में पांच दिवसीय मां शीतला कृपा महोत्सव कार्यक्रम 17 से 21 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक भाजपा नेता इंद्र देव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन 17 फरवरी माघ शुक्ल पक्ष अष्टमी शनिवार को जल यात्रा, पंचांग पूजन, वेदी रचना, कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो सोना भवन से चलकर गंगाघाट परवा तक जाएगी। 18 फरवरी नवमी रविवार से मानस पारायण आरंभ। सोमवार 19 फरवरी को मानस पारायण विराम,औपचारिक हवन, देवी मां का महाभिषेक, भव्य श्रृंगार व छप्पन भोग। संत सम्मेलन सुबह (9-10 बजे तक), सामुहिक विवाह सुबह (10-12 बजे तक)। बाबा बागेश्वर धाम का दिव्य दरबार (12-03 बजे तक)।मंगलवार 20 फरवरी को शिवशक्ति समर्चा एवं लखराव (सवा लाख पार्थिवेश्वर महादेव की विशाल पूजा, अभिषेक) होगा। माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी बुधवार 21 फरवरी को पूणार्हुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उक्त अवसर पर बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के समक्ष हिन्दू रिति रिवाज के साथ 21 जोड़ों की शादी करवाई जाएगी।



## मऊआइमा में विभिन्न स्थानों पर खुले में रखा ट्रांसफार्मर बन सकता है जानलेवा

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगे ट्रांसफार्मरों का रख रखाव ठीक से न होने के कारण यह लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। मऊआइमा क्षेत्र में नगर पंचायत सहित अनेकों स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मरों को विभाग खुले में रखे हुए है। जिससे यह हर समय खतरा बना हुआ है। बताया गया है कि प्रायः छुटटे मवेशियों और बंदरों के पहुंच जाने पर उनकी जान चली जाती है। उपभोक्ताओं ने विधुत विभाग से खुले में लगे ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित स्थानों पर लगाने की मांग की है।

# आंखें कुदरत की अनमोल देन : डॉ रमेश चंद्रा

## लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल ने जागरूकता के लिए लगाया कैंप




**नैनी।** नैनी शनिवार को ग्राम तिगनौता डांडी नैनी पीपल के पेड़ के नीचे एक निशुल्क आंखों की जांच एवं क्षय रोग संबंधी जागरूकता के लिए एक कैंप लगाया गया, जिसमें लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल के सदस्यों ने अपना पूरा पूरा सहयोग दिया। इस कैंप में डॉक्टर रमेश चंद्रा ने कहा हमारी आंखें कुदरत की अनमोल देन है, और इसकी सदैव रक्षा करनी चाहिए, और अपने खान पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस कैंप में लोगों को क्षय रोग टी बी के बारे में बताया गया और उनसे बचने के उपाय भी बताए गए। आंखों की निशुल्क जांच की गई और उनके मोतियाबिंद के लिए निशुल्क ऑपरेशन के लिए भी प्रेरित किया गया। इस कैंप में लगभग 67 लोगों की जांच की गई। सभी ग्रामीण वासी स्त्री पुरुष इस सुविधा का लाभ प्रकार बहुत ही उत्साहित थे। कैंप में क्लब के अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्रा सरिता पटेल सचिव इ संत कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष डॉ सूर्यनाथ प्रजापति चाका ब्लाक की सी एच ओ पूनम सिंह, दिनेश जी, एवं आंखों की जांच कर रहे डॉ अंकित पाल आदि लोग उपस्थित थे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम लिमटेड की पालिसी संख्या 311370178 में मेरा बचपन का नाम अंकित अग्रहरि पुत्र सत्य प्रकाश ग्राम व पोस्ट कोरियो कौशाम्बी अंकित है। जो गलत है। मेरे अभिलेखों के अनुसार सही नाम प्रवीण कुमार अग्रहरि पुत्र सत्य प्रकाश है। मेरा सही नाम प्रवीण कुमार अग्रहरि पुत्र सत्य प्रकाश ग्राम व पोस्ट कोरियो कौशाम्बी समझा जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम लिमटेड की पालिसी संख्या 313332026 में मेरे पुत्र का बचपन का नाम अमन कुमार पुत्र प्रमोद कुमार दर्ज है। जो गलत है मेरे पुत्र का सही नाम प्राजंल कुमार अग्रहरि पुत्र स्व. प्रमोद कुमार ग्राम व पोस्ट कोरियो कौशाम्बी है। मेरे पुत्र का सही नाम प्रांजल कुमार अग्रहरि पुत्र स्व. प्रमोद कुमार समझा जाये।

# बजट सत्र में पारित हो अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम वर्ना करेंगे संसद का घेराव

## रूरल बार एसोसिएसन ने अधिवक्ता सुरक्षा को लेकर भरी हुंकार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संसद के मौजूदा बजट सत्र में केन्द्र सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम कानून पारित कराए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को यहां जिला कचहरी में वकीलों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने कचहरी में आमसभा कर अधिवक्ता की सुरक्षा का मुददा जोरशोर से उठाया।

कचहरी में घूम घूम कर नारेबाजी करते हुए अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित मांग के समर्थन में हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन डीएम कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी दलजीत सिंह को सौपा। इसके पहले आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में कौशाम्बी फतेहपुर होते हुए अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा यहां पहुंची। यहां हुई आम सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को केन्द्र सरकार ने जल्द पारित न कराया तो चरणबद्ध आंदोलन के तहत दिल्ली में रूरल बार एसोशिएसन संसद भवन का घेराव करेगा। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं पर जगह जगह प्राणघातक हमले हो रहे है। कोर्ट परिसरो में भी कई अधिवक्ताओं की हत्याओं की घटनाएं भी हो चुकी है। यूपी सरकार जिस एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट की बात कर रही है उसे इस एक्ट का मसौदा वकीलों के बीच में सार्वजनिक करना चाहिए। वहीं श्री ज्ञानप्रकाश ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद में केन्द्र सरकार के प्रस्तुत हुए बजट में अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं के लिए अलग से बजट का अंश निर्धारित नही कराया जा सका। उन्होने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में भी विधानमण्डल का बजट सत्र शुरू हो चुका है। ऐसे में यूपी सरकार भी इस कानून के समर्थन में विधानसभा में संकल्प प्रस्ताव लाये। एसोशिएसन के राष्ट्रीय महासचिव एवं लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि अधिवक्ताओं के मान सम्मान के साथ उनसे जुडी सुविधाओं को लेकर भी सरकारों का रवैया अत्यन्त निराशाजनक है। जूनियर बार एसोशिएसन के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए स्वतंत्र न्यायिक वातावरण की मजबूती के लिए अपरिहार्य है। अध्यक्षता करते हुए रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा ने कहा कि प्रतापगढ़ जिले के सभी अधिवक्ता इस मांग को लेकर पूरा समर्थन और संघर्ष में जोरदार भूमिका निभाएंगे। आमसभा का संचालन एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। आमसभा को प्रशान्त दुबे, पूर्व महामंत्री विवेक शुक्ल, राममूर्ति प्रजापति, हरिशंकरपुरी, प्रदीप चतुवेर्दी, सुशील प्रताप सिंह, संदीप उपाध्याय आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर दीपक पाण्डेय, दीपेन्द्र मिश्र, आनंदमोहन शुक्ल, अंजनी कुमार राय, बागीश मिश्र, उमेशचंद्र मिश्र, रामकृष्ण, मनीष प्रताप सिंह, अनुपम श्रीवास्तव, अनिल पाण्डेय, अनूप कुमार त्रिपाठी, विजय कुमार, राजेश मिश्र आदि रहे।




कचहरी में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

# नगर पालिका के अभियान में दो दिनों में पकड़े गये 80 छुट्टा पशु

## पकड़े गये छुट्टा पशुओं में दस बराछा स्थित गोशाला व शेष को अन्य गोशालाओं में भेजा गया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने दो दिनों के बीच छुट्टा पशुओं के विरुद्ध अभियान चलाकर धरपकड़ कर रही है जिससे घरेलू पशुधारकों में इस अभियान से हड़कंप मचा हुआ है जो अपने पशुओं को दिन में भी छोड़ देते हैं।

कल गुरुवार को आज शुक्रवार को नगर पालिका के इस अभियान में राजकीय इंटर कालेज मैदान, हादीहाल मैदान व चैक घंटाघर से 80 पशुओं को पकड़ने की खबर है। इन पकड़े गये पशुओं में 10 छुट्टा पशुओं को बराछा स्थित गोशाला में तथा शेष अन्य पशुओं को अन्य गोशालाओं में भेजा गया है।

इस बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गये छुट्टा पशुओं के स्वामी इसे जुमार्ना अदा कर वापस ले जा पाते हैं और लावारिस छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में रखा जाता है। शासन व जिलाधिकारी संजीव रंजन के कडे.निर्देश व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व ईओ राम अचल कुरील के संरक्षण में नगर पालिका को छुट्टा पशुओं की धरपकड़ का अभियान तेजी से चल रहा है। बता दें कि ये छुट्टा पशु ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों को चरकर उसे बर्बाद कर रहे हैं, वहीं शहर में प्रायः यह बीच सड़क पर आपस में लड़कर इधर-उधर भागते हैं जिससे आए दिन दुर्घटना भी होती रहती है। बताया गया कि नगर पालिका का यह अभियान अभी आगे भी चलता रहेगा।



छुट्टा पशुओं को गाड़ी में लादते नगर पालिका कर्मी।

## युवती ने फंदा लगाकर दी जान, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के गौरही ओरीपुर नौगीर गांव में युवती ने शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से घर के अंदर आत्महत्या कर ली। गांव के संतराम वर्मा की पुत्री रेशमा वर्मा 19 दोपहर दो बजे घर के अंदर कमरे में गयी। उसने छत के चुल्ले में साडी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। थोड़ी देर में परिवार के एक आठ वर्षीय बच्चे ने रेशमा को फंदे से झूलता देखा तो चीखने चिल्लाने लगा। युवती की मौत की जानकारी पर परिजन बिलखने लगे। सूचना पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुटी हुई है।

## हत्या करने की इरादे से घर में घुसा युवक

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** हत्या करने की इरादे से युवक घर में घुसा लेकिन सुबह घर से बाहर निकल गया पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के बेलसंडी गांव का दीपक तिवारी पुत्र गंगा प्रसाद ने बताया कि उसका पड़ोसी रात को उसके घर में घुस आया और सुबह घर से बाहर निकल गया उसके घुसने और अंदर रहने का सबूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया पीड़ित ने अपनी हत्या की आशंका जलते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

## घर में घुसकर पड़ोसी ने किया हमला

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** महिला के ऊपर पड़ोसी ने घर में घुसकर हमला कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के पट्टी खास की रहने वाली फूला देवी पत्नी जोखू राम ने बताया कि वह बीती रात अपने कमरे में सो रही थी तभी गांव का एक व्यक्ति अपने पांच साथियों के साथ पहुंचा और अंदर घुस गया तथा तीन हजार रुपए नगदी ले लिया आहट से महिला तथा उसके पति की आंख खुल गई चिल्लाने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दिया।

## जिला पंचायत सदस्य पर मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पीड़ित युवती की तहरीर पर सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य पर पट्टी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि सपा नेता ने उसके साथ दुष्कर्म किया और गर्भ रुकने पर उसका गर्भपात कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस दबिश दे रही है।

## देशी बम व फर्जी नंबर प्लेट के साथ पिकप बोलेरो चालक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के रेवली सलवन मार्ग पर कुसुवापुर के पास शुक्रवार की सुबह लगभग 8 बजे उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान सामने से आ रही पिकप बोलेरो गाडी को रोक कर कागज की जाँच पड़ताल किया तो गाडी का नम्बर प्लेट कागजात मे नही था जिसे फर्जी नम्बर प्लेट जाँच मे पाया। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें दो देशी बम बरामद किया चालक व गाडी को कब्जे मे लेकर थाने ले गये, जहां आरोपित चालक धर्मचंद्र पुत्र शिवराज निवासी खालिसपुर थाना मिरजा मुराद वाराणसी के खिलाफ फर्जी नम्बर प्लेट व दो देशी बम बरामदगी के साथ मुकदमा दर्ज किया।

## मारपीट की घटना में आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के बासूपुर गुनई शुकुलपुर गांव में पीडित को मारने पीटने व जानलेवा धमकी को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। गांव के बृजकिशोर शुक्ला के पुत्र देवेन्द्र कुमार शुक्ला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही प्रधान देवेन्द्र उर्फ भोले शुक्ला, मनीष शुक्ला पुत्रगण शिवशंकर शुक्ला तथा दिनेश शुक्ला के पुत्र विपिन व अवधेश के पुत्र अनुज कुमार ने एकराय होकर उसे लाठी डण्डे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## महिला की हत्या को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस, हुआ अन्तिम संस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने महिला की हत्या को लेकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के पूरे जोधीराम तिवारी बूबूपुर निवासी रामभरोस के पुत्र रामेश्वर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि इक्तीस जनवरी को शाम पांच बजे उसकी पत्नी सीता वर्मा खेत में घांस काटने गयी थी।

अज्ञात आरोपियो द्वारा धारदार हथियार से सीता के गले पर हमला कर उसकी हत्या कर दी गयी। मृतका के पति का कहना है कि वह दिल्ली मे रहता है। पत्नी की हत्या की जानकारी उसे हुई तो वह घर पहुंचकर तहरीर दे रहा है। इधर गुरूवार को मृतका सीता वर्मा का शव पीएम के बाद देर शाम घर पहुंचा। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शुक्रवार को परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार गांव मे ही खेत में कर दिया। इधर घटना के तीसरे दिन भी पुलिस महिला की हत्या के मामले में एक कदम भी आगे नही बढ़ सकी है। मृतका के पति द्वारा अज्ञात के खिलाफ तहरीर से भी घटना के खुलासे को लेकर पुलिस का सिरदर्द और बढ़ गया है। पुलिस मृतका की पीएम रिपोर्ट पर भी मंथन पर लगी हुई है। हत्याकाण्ड को लेकर फोरेंसिक टीम ने भी घटना की तह तक जाने में माथापच्ची की थी। सीता वर्मा की हत्या को लेकर परिजन भी अचंभित दिख रहे हैं। वहीं गांव में भी साठ वर्षीया महिला की हत्या को लेकर संशय का माहौल बना हुआ है। थानाध्यक्ष विवेक का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। घटना के सभी बिंदुओं पर जांच जारी है, शीघ्र खुलासा होगा।

## आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चोरी से हरे पेड़ की कटाई को लेकर आरोपी के खिलाफ लीलापुर पुलिस ने वन अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया है। उप निरीक्षक सदाशिव यादव फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे कि इस बीच सूचना मिली कि गहिरी गांव में तालाब के किनारे चोरी से आम के हरे पेड़ की कटाई हो रही है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग निकले। घटना की जांच कर पुलिस ने गहिरी बभनपुर निवासी बाबूलाल के पुत्र नन्द लाल वर्मा के खिलाफ वन अधिनियम का केस दर्ज किया गया है।

# ज्ञानवापी मामले को लेकर जिले की पुलिस रही हाई अलर्ट पर

## ड्रोन कैमरे से पुलिस ने की निगरानी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ज्ञानवापी मामले को लेकर जिले की पुलिस हाई अलर्ट पर रही। एसपी सतपाल अंतिल ने जुमे की नमाज को लेकर सतर्क दिखे। जिले में हर क्षेत्र की मस्जिद पर पुलिस की निगरानी रही। इस दौरान ड्रोन कैमरे से भी निगरानी होती रही।

जेठवारा के डेरवा बाजार में अपर पुलिस अधीक्षक संजय रॉय के साथ एसओ धर्मेंद्र सिंह ने फ्लैग मार्च किया। कन्धई थाना क्षेत्र में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश सिंह ने पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। बता दें कि ज्ञानवापी फैसले को लेकर शुक्रवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन को मुस्तैद देखा गया। एसडीएम तथा सीओ और लालगंज सर्किल के थानाध्यक्षों ने भारी फोर्स के साथ धार्मिक स्थलों का दौरा कर शांति व्यवस्था की ताकीद की। वहीं मस्जिदों पर एहतियातन पुलिस बल को भी मुस्तैद देखा गया। एसडीएम लालधर सिंह यादव तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने लालगंज थाने के खालसा सादात, जलेसरगंज, खानापटटी, लीलापुर थाने के बाबूगंज, सगरा सुंदरपुर तथा उदयपुर थाना के मसनी, कुम्भीआइमा, रानीगंज कैथौला में भ्रमण कर शांति और व्यवस्था के प्रबन्धों का जायजा लिया। एसडीएम तथा सीओ ने लोगों से मुलाकात कर आपसी सौहार्द बनाए रखने को कहा। सीओ ने कहा कि किसी भी प्रकार के अफवाह अथवा सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। वही लालगंज कोतवाल अवन दीक्षित ने भी भारी फोर्स के साथ कोतवाली क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर शांति व्यवस्था की ताकीद की। हालांकि लालगंज सर्किल क्षेत्र में पूरे दिन माहौल सामान्य दिखा।



नगर में भ्रमण करती पुलिस टीम।

# पत्रकारों का उत्पीड़न नही किया जाएगा बर्दाश्त: लोकेश मिश्रा

## इंडियन प्रेस काउंसिल के पदाधिकारियों ने थाने पहुंचकर जताया विरोध, मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के थाना मानिकपुर के शाहाबाद उत्तरी निवासी सुजीत मिश्रा एक निजी न्यूज चैनल के पत्रकार व इंडियन प्रेस काउंसिल के सदस्य है। बीते 24 जनवरी को वह घर पर मौजूद थे तभी जमीन के विवाद में पड़ोस के दबंगों ने गाली गलौज करते हुए मार पीट की थी। मामले में सुजीत ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपित पत्रकार सुजीत मिश्रा को धमकी देने लगे थे। 30 जनवरी को सुजीत मानिकपुर चैराहे से घर की तरफ जा रहे थे तभी हामिदशाह दरगाह के समीप उक्त दबंगों ने पत्रकार सुजीत को रोक कर हमला कर दिया और हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। मामले की सूचना सुजीत ने पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही किया जिसकी जानकारी जब इंडियन प्रेस काउंसिल के पदाधिकारियों को हुई तो उनमें आक्रोश फैल गया। इंडियन प्रेस काउंसिल के संस्थापक वीसी मिश्रा के निर्देश पर तहसील अध्यक्ष लोकेश मिश्रा व महामंत्री शिवराम गिरि की अगुवाई में अजय मिश्रा, कुलदीप कुमार, दिलीप साहू, डीएन मिश्रा, अंकुश यादव, दिनेश पाल, संदीप साहू, राहुल यादव, सुभाष सोनकर समेत दर्जनों पदाधिकारी मानिकपुर थाने पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग किया जिस पर थानाध्यक्ष जयचंद्र भारती ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# आयुर्वैदिक चिकित्सक के घर लाखो की चोरी

## नगदी जेवरात सहित लाखो की चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली क्षेत्र के शिवपुरम कालोनी मे बीती रात को अज्ञात चोरो द्वारा आयुर्वैदिक चिकित्सक के घर मे कमरे का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखो के जेवरात चुरा ले जाने का मामला संज्ञान में आया। घटना की जानकारी मिलते कालोनी मे हड़कंप मच गया।बताया जाता है कि रामचंद्र सिंह पुत्र रमेश कुमार सिंह चुनार मिजार्पुर के निवासी है जो राजकीय आयुर्वैदिक चिकित्सालय हीरागंज मे चिकित्साप्रभारी के पद पर कार्यरत कि जो शिवपुरम कालोनी मे रमेश सिंह के मकान मे किराये पर कमरा लेकर परिवार सहित रहते है। 31 जनवरी 24 को चिकित्सक अपने पिता को लेने के लिए घर के कमरे व गेट पर ताला बन्द करके चले गये कि वापस 1 फरवरी 2024 की शाम लगभग 5 बजे घर के गेट का ताला खोलकर अंदर गया तो सभी कमरे का ताला टूटा था और कमरे मे दीवान अटैची बैग मे रखा 20 हजार रुपया नगदी व घर के पत्नी व माता के सारे जेवर गायब थे जिसकी कीमत 10 लाख बताई जा रही है। घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को देर शाम पीड़ित चिकित्सक ने दी पुलिस तहरीर मिलते ही जाँच पड़ताल मे जुटी हुई है। घटना को लेकर कालोनी मे हड़कंप मचा हुआ है।

## अनियंत्रित आटो पलटने से दो यात्री हुए चुटहिल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नेशनल हाइवे पर नीलगाय को बचाने के प्रयास में आटो वाहन गुरूवार की शाम अनियंत्रित होकर पलटा खा गयी। दुर्घटना में दो यात्रियों को चोटें भी आयी हैं। प्रतापगढ़ शहर से लालगंज की तरफ सवारी लेकर टेम्पो वाहन निकला था। अभी अचानक लीलापुर पेट्रोल पम्प के समीप हाइवे पर नीलगाय आ गया। नीलगाय को बचाने के प्रयास में आटो अनियंत्रित होकर पलटा खा गया। दुर्घटना में तुलापुर निवासी गंगाराम विश्वकर्मा 40 व लोका का पुरवा मोहनगंज रामदुलारी 38 को चोटें आ गयीं। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर लीलापुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को लालगंज ट्रामा सेण्टर इलाज के लिए भेजवाया।

# दीवानी न्यायालय सभागार में सेंट्रल नाजिर को दी गई विदाई

## कर्मचारियों ने किया विदाई समारोह का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दीवानी न्यायालय में कार्यरत सेंट्रल नाजिर मोहम्मद अली के सेवानिवृत्त पर दीवानी न्यायालय के सभागार में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर लोगों ने कहा कि यह समय सभी कर्मचारियों का आता है, परन्तु अपने कर्म और लोगों के किये गये सहयोग से कर्मचारी अपना अमिट पहचान स्थापित करता है।

इस मौके पर जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने सेंट्रल नाजिर मोहम्मद अली को विदाई देते हुए कुरान व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि सेवानिवृत सरकारी सेवक की एक अनिवार्य प्रक्रिया है। जिससे सभी सरकारी सेवकों को गुजरना पड़ता है। इस मौके पर दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के मण्डल अध्यक्ष कमलेश सिंह व अध्यक्ष बृजेंद्र धर द्विवेदी पिंटू सहित अन्य न्यायिक कर्मचारियों ने मोहम्मद अली के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि सेवानिवृत मोहम्मद अली एक कर्तव्यनिष्ठ, मृदुभाषी सरल स्वभाव के व्यक्ति है, जिनका बिछुड़ना हम सभी न्यायालय कर्मचारियों के लिए दुखदायी है। लोगों ने कहा कि इनके साथ बिताये गये समय के यादों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आपके द्वारा दी गई सेवाएं अन्य के लिए प्रेरणा दायक रहेगा।

इस मौके पर सेवानिवृत मोहम्मद अली को सामूहिक रूप से उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद मिन्नत उल्ला सुहैल ने किया। अंत में सेवानिवृत्त मोहम्मद अली ने सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर न्यायिक अधिकारियों में प्रमुख रूप से अपर सत्र नयायाधीश नंद प्रताप ओझा, हरविंदर सिंह, आलोक द्विवेदी स्नेह लता, सुमित पवार, नीरज बरनवाल, नीरज त्रिपाठी, सुमित कुमार, वरूण कौशिक, सीजेएम प्रदीप शुक्ल के साथ न्यायिक कर्मचारियों में प्रमुख रूप से संदीप सिंह, सूर्य प्रकाश पांडेय, जितेंद्र मिश्र, सुशील, नितिन त्रिपाठी, विनोद सरोज, अरुण सिंह, मोहित मिश्र, रजनीश मिश्र, राहुल, आकाश, अजय, अभिनव सिंह, सुनील पाण्डेय, अनिल पाल, संतोष सिंह, योगेन्द्र, मुकेश महेंद्र, सुरेन्द्र, सुभाष, अनुज सहित आदि दीवानी न्यायालय के कर्मचारी गणों की मौजूदगी रही।



सेंट्रल नाजिर मोहम्मद अली को सम्मानित करते अतिथि।

# तड़प रही विदेशी पक्षी के जान को ग्रामीणों ने बचाया

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के महोखरी गांव के तालाब में एक विदेशी पक्षी के शरीर में धागा फस जाने के कारण वह तालाब में तड़प रही थी। इसी बीच ग्रामीणों की निगाह विदेशी पक्षी पर पड़ी और उसे तड़पता देखकर लोग हैरान परेशान हो उठे। और ग्रामीण किसी तरह तालाब में घुसकर उसके पास पहुंचे तो उसके पैर और पंख में धागा फस गया था।

जिससे वह उड़ नहीं पा रही थी और उसका जीवन भारी संकट में पड़ गया था। गांव के ज्ञान दर्शन पाठक, चक्रवर्ती पाठक, सौरव पाठक ने विदेशी पक्षी के पैर और पंख से धागे को काटकर निकला तब वह होश में आई, और उसके घाव पर मरहम लगाया गया, आराम मिलते ही विदेशी पक्षी हवा में उड़ कर अपने गंतव्य को चली गई। ग्रामीणों के पक्षी के जीवन बचाने पर सभी तहे दिल से प्रशंसा कर रहे हैं।



विदेशी पक्षी के पैर में फंसे धागा को निकालते लोग।

## खबर संक्षेप

### कौशाम्बी जनपद के विभिन्न पटल एवम क्षेत्र तथा गैर जनपद से आए पुलिस कर्मियों को दी गई नई तैनाती

**कौशाम्बी।** जनपद में विभिन्न थाना क्षेत्रों,विभिन्न पटल में तैनात एवम गैर जनपद से कौशाम्बी जनपद आए पुलिसकर्मियों, विभिन्न शाखाओ मे रिक्तियो के दृष्टिगत पुलिस लाइन/थानो पर नियुक्त कर्मियो द्वारा स्थानान्तरण हेतु दिये गये प्रार्थना पत्रो पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुये उनके कार्यक्षेत्र में परिवर्तन एवम तैनात किया है। जनपद स्तर पर गठित विभागीय स्थापना बोर्ड के सदस्यों के विचार-विमर्श के उपरान्त लिये गये निर्णय के क्रम मे पुलिस कर्मियों को प्रशासनिक व्यवस्था के कुशल संचालन के दृष्टिगत जनहित में तात्कालिक प्रभाव से उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थान पर स्थानान्तरित नियुक्त किया गया है। सभी पुलिस कर्मियों को उनके स्थानांतरित स्थान पर तत्काल प्रभाव से ड्यूटी ज्वाइन करने का आदेश दिया गया है।

# डीएम एवं एसपी ने तहसील सिराथू में सुनीं जनशिकायतें

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 140 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता बोधन निवासी ग्राम-कुण्डावी ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनको पट्टा मिला था, पट्टा के जमीन की पैमाइश कराकर कब्जा दिलाया जाय, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को प्रकरण की जाँच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता सुनीता देवी ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि पुस्तैनी भूमि पर निर्माण कार्य कराये जाने पर परिवार के लोगों द्वारा ही रोका जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष कड़ाधाम को प्रकरण की जाँच कर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिये। तहसील मंझनपुर में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह, सीएमओ डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं क्षेत्राधिकारी अवधेश विश्वकर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## तहसील चायल पहुंचे एडीजी प्रयागराज, सुनीं फरियाद

**चायल कौशाम्बी।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील के अवसर पर चायल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीजी प्रयागराज भानु भास्कर पहुँचे और फरियादियों की फरियाद को सुना इस मौके पर उन्होंने अधीनस्थों से कहा कि फरियादियों को गुणवत्तापूर्ण और त्वरित न्याय दिया जाए शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का पक्षपात और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी एडीजी प्रयागराज भानु भास्कर,,एडीएम मनोज कुमार गोड़, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा, एसडीएम चायल शौम्य मिश्र, तहसीलदार चायल पुष्पेंद्र गौतम, नायब तहसीलदार सौरभ सिंह व कपिल मिश्रा,सीओ चायल मनोज कुमार रघुवंशी, न्यायिक तहसीलदार पूर्णिमा सिंह संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मौजूद रही।

# सीडीओ ने की जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक





**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग के0के0 अमर ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 1413 प्रकरण प्राप्त हुए है तथा 16 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है, जिसमें कृषि विभाग के-06, प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के-09 एवं अग्निशमन विभाग-01 सम्मिलित हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत 58 लक्ष्य के सापेक्ष 70, एमवाईएसवाई योजना के तहत 67 लक्ष्य के सापेक्ष 66 तथा ओडीओपी योजनान्तर्गत 21 लक्ष्य के सापेक्ष 34 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अग्रिम आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने सिराथू तहसील के अन्तर्गत ग्राम सुल्तानपुर ख्वाजा कड़क में नये औद्योगिक आस्थान विकसित किये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत दारा नगर-कड़ाधाम से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होना है, जिस पर ई0ओ0 ने बताया कि बोर्ड बैठक में प्रस्ताव कर अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए कार्यवाही करायी जायेगी। उपायुक्त उद्योग ने प्राइवेट क्षेत्र में औद्योगिक आस्थान के निर्माण के सम्बन्ध में बताया कि निजी प्रवर्तक द्वारा 10 एकड़ से 50 एकड़ तक भूमि का औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाने का प्राविधान शासन द्वारा किया गया है। भूमि तक 12 मीटर चौड़ी सड़क आवश्यक है। इस कार्य के लिए उद्यमियों को जमीन की खरीद पर 100 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क छूट देय है तथा प्रति एकड़ 50 लाख रुपए एक प्रतिशत साधारण ब्याज की दर पर तीन वर्ष के लिये दिया जायेगा, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने व्यापारियों से कहा कि इस योजना का लाभ उठायें। बैठक में बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कुल-11039 आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा जिलास्तरीय समिति द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों तथा एलडीएम से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर 3454 आवेदन पत्रों को संस्तुति कर राज्य स्तरीय समिति को प्रेषित किया जा चुका है एवं अग्रिम कार्यवाही की जा रहीं है।इस अवसर पर प्रवेश केसरवानी एवं संजय जायसवाल वीरेन्द्र केशरी सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## नगर पालिका भरवारी में दो ईओ के ज्वाइन होने से घमासान एक को एडीएम, दूसरे को अध्यक्ष ने कराया ज्वाइन

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में एक ही दिन में दो ईओ की तैनाती को लेकर घमासान मचा हुआ है।एक ईओ को एडीएम तो दूसरे को नगर पालिका अध्यक्ष ने ज्वाइन कराया है।नगर पालिका परिषद भरवारी में ईओ के रूप में तैनात रहे तत्कालीन ईओ सुनील मिश्रा को शासन द्वारा नगर पालिका भरवारी में सस्पेंड कर दिया गया था, तब से भरवारी नगर पालिका ईओ विहीन चल रही थी।शासन ने 10 जनवरी को मंझनपुर में तैनात रहे ईओ अनूप राय को भरवारी नगर पालिका की अतिरिक्त जिम्मेदारी देते हुए भरवारी का भी चार्ज दे दिया और नगर पालिका में सभी कार्य सुचारु रूप से चलने लगे। 31 जनवरी को शासन के निर्देश के क्रम में भरवारी के अतिरिक्त प्रभार पर रहे ईओ अनूप राय को मंझनपुर नगर पालिका में टेंडर गड़बड़ी को लेकर गैर जनपद ट्रांसफर कर दिया गया और शासन के ही निर्देश के क्रम में बांदा के अतर्रा नगर पालिका में तैनात रहे ईओ रामसिंह को भरवारी नगर पालिका में ट्रांसफर कर दिया गया और तत्काल ज्वाइन करने का आदेश दिया गया।विशेष सचिव के आदेश के बाद ईओ रामसिंह ने 01 फरवरी को नगर पालिका भरवारी ड्यूटी ज्वाइन करने पहुंचे और अध्यक्ष कविता पासी से बात की लेकिन अध्यक्ष के जनपद से बाहर होने पर उन्होंने एडीएम के कार्यालय पहुंचकर ड्यूटी ज्वाइन कर ली और भरवारी का चार्ज ले लिया इस संबंध में नवागत ईओ राम सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में वह ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए भरवारी नगर पालिका कार्यालय पहुँचे है जब यह जानकारी हुई की पूर्व में नगर पालिका भरवारी के रह चुके ईओ सुनील मिश्रा के निलंबन को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया और हाई कोर्ट के निर्देश पर नगर पालिका अध्यक्ष ने 31 जनवरी को उनकी ज्वानिंग करा दी है।उन्होंने तत्काल पत्र के माध्यम से मंडलायुक्त, निदेशक नगर निकाय निदेशालय लखनऊ, डीएम कौशाम्बी व एडीएम को यह बताते हुए डाक से पत्र भेजा कि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा तत्कालीन इओ सुनील मिश्रा को उच्च न्यायालय के स्टे आदेश दिनांक 30/01/2024 के अनुपालन में कार्यभार ग्रहण कराया है।नगर पालिका भरवारी में एक साथ दो ईओ के तैनात होने पर एडीएम अरूण कुमार गोंड ने बताया कि शासन ने ईओ राम सिंह को भेजा है और ईओ सुनील मिश्रा के सस्पेंशन को हाईकोर्ट में निरस्त कर दिया है,इसलिए दो ईओ की तैनाती हो गई है,अब इस पर शासन ही निर्णय लेगा कि किस ईओ को कहा तैनात किया जाए।

## न्यूज झरोखा

### गांव पहुंचे कस्टम इंस्पेक्टर का जोरदार स्वागत



**चायल कौशाम्बी।** चायल तहसील के शेरगढ़ गांव निवासी सुशील कुमार दिवाकर ने कक्षा 8 तक की पढ़ाई गांव के ही सरकारी विद्यालय में किया था सुशील कुमार दिवाकर का कस्टम इंस्पेक्टर के पद पर चयन हो गया और कस्टम इंस्पेक्टर के पद पर चयन होने के बाद वह जब पहली बार गांव पहुंचे तो स्कूल के शिक्षको समेत गांव के तमाम लोगों ने उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया है सुशील कुमार दिवाकर के भाई सुनील कुमार दिवाकर भी गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ कर डिप्टी एसपी बने है शनिवार को सुशील कुमार दिवाकर गांव में पहुंचे तो अपने विद्यालय भी पहुंचे जहां उनके अध्यापकों ने माला पहनकर उनका जोरदार स्वागत किया है।

### एमवीआर लॉ कॉलेज में 100 छात्र छात्राओं को दिया गया स्मार्टफोन



**कोखराज कौशाम्बी** एमवीआर लॉ कॉलेज कसिया सिराथू में शनिवार को मोबाइल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे 100 स्मार्टफोन छात्र छात्राओं को दिए गए विद्यालय द्वारा स्मार्ट फोन दिए जाने के बाद छात्र-छात्राओं के चेहरे में स्पष्ट तौर से खुशी दिखाई पड़ रही थी विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि आधुनिक युग में बच्चों के तरक्की में स्मार्टफोन बेहद सहायक होगा स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि - शिवप्रताप मौर्य कॉलेज के प्राचार्य आशीष मिश्रा स्टाफ प्रदीपसिंह वैभव सिंह विभव रस्तोगी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### महीनों से खराब है बाबा टीवीएस चौराहे पर लगा हाईमास्ट लाईट



**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के बाबा टीवीएस चौराहे पर हाई मास्ट लाइट लाखो लागत खर्च कर लगाई गई थी लेकिन महीनों से हाई मास्ट लाइट खराब हो गई है जिससे चौराहे के आसपास अंधेरा रहता है खराब लाइट बनवाने का प्रयास विभागीय लोगों ने नहीं किया है बताया जाता है कि जिस कार्रवाई संस्था से हाई मास्ट लाइट खरीदी गई थी संस्था के जिम्मेदारों ने घटिया क्वालिटी की हाई मास्ट लाइट सप्लाई कर दी है जिससे वह समय के पहले खराब हो गई है बाबा टीवीएस चौराहे के आसपास के लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए चौराहे के हाई मास्ट लाइट को ठीक कराए जाने की मांग की है।

### सीओ सिराथू व आरटीओ कौशांबी ने चौपाल लगाकर टैक्सी ई रिक्सा ड्राइवरों को किया जागरूक



**अझुवा कौशांबी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (15 जनवरी से 14 फरवरी ) के दृष्टिगत जनजागरुकता अभियान के तहत सर्किल आफिसर सिराथू अवधेश विश्वकर्मा एवम आरटीओ कौशांबी द्वारा यातायात पुलिस बल के साथ सैनी चौराहे पर चौपाल लगाकर टैक्सी/ ई रिक्शा ड्राइवरों को यातायात के नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया है ।इस दौरान सीओ अवधेश विश्वकर्मा ने टैक्सी / ई रिक्शा ड्राइवरों से क्षमता से अधिक सवारियां न ले जाने वा तेज गति से वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है उन्होने कहा नाबालिकों को वाहन न दें,दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद कर अच्छा मददगार बनने की अपील की गई है।

### कम्पोजिट स्कूल में लगातार पीने के पानी के लिए तरसते हैं हजारों बच्चे



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कशिया गांव में पीने के पानी के लिए स्कूली बच्चे तरस रहे हैं स्कूल के बाहर जाकर बच्चों को प्यास बुझानी पड़ती है जबकि स्कूल के हैंडपंप रिबोर के नाम पर प्रधान ने लाखों रुपया डकार लिया है ग्राम प्रधान के घोटाला का असर अब साफ साफ स्कूल में दिखाई देने लगा हैं ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में रिबोर के लाखों रुपए डकार कर प्रधान मौज कर रहे हैं जबकि प्रधान की घोटाले का खामियाजा स्कूल के हजारों बच्चो को भुगतना पड़ रहा है यदि ग्राम प्रधान ने निष्पक्षता पूर्वक स्कूल के हैंड पंप का रिबोर कर दिया होता तो गांव के बच्चों को स्कूल के बाहर पानी के लिए नहीं जाना पड़ता बीते एक महीने से कम्पोजिट स्कूल के बच्चो को पानी के लिए तरसना पड़ रहा हैं बच्चो ने बताया कि स्कूल में लगे दोनों हैण्डपम्प महीनों से पानी नही दे रहा है स्कूल में हैंड पंप रिबोर के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार की यदि आला अधिकारियों ने जांच कराई तो पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान की मुसीबत बढ़ता है दूसरे तरफ स्कूल में पानी की व्यवस्था कराए जाने की मांग स्कूल के बच्चों ने जिला अधिकारी से किया है।

### बाइक से गिरकर किशोर की मौत,साथी घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली के भटपुरवा गांव के पास शुक्रवार की रात अचानक सामने ट्रक को देखकर बाइक सवार किशोर घबरा गए। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार एक किशोर की मौत हो गई। जबकि साथ में बैठे दोनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक कड़ाधाम कोतवाली के अंबाई बुर्जुग मजरा हुजरा निवासी मुजाहिद (16) शुक्रवार की शाम तिलक समारोह में शामिल होने के लिए साथी सरताज (17) व अफजाल (16) के साथ बाइक से देवीगंज गए थे। रात करीब 10 बजे तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। सैनी के भटपुरवा गांव के समीप सामने ट्रक को देख बाइक सवार किशोरो ने नियंत्रण खो दिया और बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार मुजाहिद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सरताज व अफजाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दो बाईकों की टक्कर में बाइक सवार आधा दर्जन लोग गंभीर घायल

**कौशाम्बी।** जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है,जिसमे बाइक सवार आधा दर्जन लोग गंभीर घायल हो गए है,घटना के बाद पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है जहा उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी के सिंधिया रेलवे पुल के पास की है जहा तेज रफ्तार दो बाईकों में शुक्रवार की रात आमने सामने जबरदस्त भिडंत हो गई है,हादसे में बाइको के परखच्चे उड़ गए,दोनो बाइक पर 6 लोग सवार थे।

### दबंगों ने घर में घुस कर तीन लोगों को किया लहूलुहान

**कल्यानपुर कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ग्रामीण भरवारी बैरिहा में शुक्रवार की शाम के समय बनारसी लाल पटेल अपने घर पर परिवार के साथ आग ताप रहे थे।पड़ोसी बलराम पुत्र रामानंद नाम ले ले कर गालियां दे रहा था। बनारसी के मना करने पर पूर्व सुनियोजित बलराम,सुमित्रा देवी,और अनुष्का देवी ने घर में घुस कर बनारसी लाल पटेल को मारने लगे। हो हल्ला सुनकर बनारसी की बहू और पत्नी भी मौके पर पहुंच गई बलराम ने अपने हाथ में लोहे की छब्बर से बनारसी लाल और इनकी पत्नी सुग्गन देवी और बहू को मार कर लहू लुहान कर दिया चीख पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर एकत्रित हो गए मौके पर 112 पुलिस पहुंच कर घायलों को मूरतगंज पीएचसी में इलाज हेतु भेजा है मामले की सूचना थाना पुलिस को दे दी गई है।

### रेलवे ट्रैक के पास बेसुध मिला युवक, अस्पताल में भर्ती

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के अटसराय रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार की दोपहर एक युवक रेलवे ट्रैक पर बेसुध हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगो ने देखा तो मामले की जानकारी सैनी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी युवक को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर सैनी कोतवाली के अटसराय रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार की दोपहर लगभग 35 वर्षीय युवक रेलवे ट्रैक के पास बेसुध अवस्था में पड़ा मिला। युवक के शरीर में चोट के निशान भी थे। युवक को रेलवे लाइन किनारे पड़ा देख मामले की सूचना पुलिस को दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने बेसुध युवक को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती करा दिया है ।उपचार के क्रम में युवक को जिला अस्पताल रिफर किया गया । खबर लिखे जाने तक युवक होश में नहीं आ सका था। आशंका है कि युवक जहरखुरानी का शिकार हुआ है।

### संसदीय कार्यालय का उदघाटन करेंगे श्रम एवम सेवायोजन मंत्री

**कौशाम्बी।** यूपी के श्रम एवम सेवायोजन,समन्वय विभाग मंत्री अनिल राजभर रविवार को कौशाम्बी आयेंगे,अनिल राजभर रविवार को 3.30 बजे समदा रोड मंझनपुर राशन गोदाम के सामने संसदीय कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। श्रम एवम सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे ,बैठक के बाद शाम को 5.00 बजे प्रेस प्रतिंधियो के साथ प्रेस वार्ता भी करेंगे,उसके बाद शाम 5.30 बजे कार द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हो जायेंगे।

### रहस्यमय परिस्थितियों में अधेड़ लापता

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बाबा तारा निवासी बच्चालाल उम्र-50 वर्ष लगभग घर में आपसी विवाद से नाराज हो कर कही चले गए है जिसकी खोज आस पास के गावों में तथा सभी रिश्तेदार के यह पता करने के बावजूद अभी तक कोई सूचना नहीं मिल पाई है जिनके 2 पुत्र राजकुमार वा शिवकुमार तथा पत्नी रामरती है मामले की सूचना पुलिस को दी गयी है।

### रहस्यमय ढंग से लापता 3 सगी बहने तीसरे दिन बरामद

**अझुवा कौशाम्बी।** जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र से 31 जनवरी को एक साथ 3 सगी बहनों की किडनैपिंग की घटना से हड़कंप मच गया,परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और जांच में जुट गई। लेकिन शनिवार को तीनों बहनें बरामद हो गई है तीनों बहनों के बरामद होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। घटनाक्रम के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के रशीदमई गाँव के मनोज कुमार सरोज की 3 बेटियां रुचि (12), विनीता (10), सुनीता (6) घर से कुछ दूर खेल रही थीं 3 सगी बहने 31 जनवरी को रहस्यमय हालत मे लापता हो गई। परिजनों ने लापता होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शनिवार को कड़ाधाम पुलिस को बड़ी सफलता मिल गयी महज 48 घंटे के अंदर गायब तीन बहनों को पुलिस ने बरामद कर लिया है एसपी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देश एवं सीओ अवधेश विश्वकर्मा के कुशल नेतृत्व में कड़ाधाम थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह की टीम ने तीनों लडकियां बरामद कर लिया बच्चियों ने बताया कि मां-बाप की प्रताड़ना से अजिज होकर घर से कुछ रुपए लेकर चित्रकूट के निमोर्ही अखाड़ा पहुंच गई थीं वहां से वापस लौटकर महेवाघाट थाना के निकट बैरागी पुर में अप्पे में बैठते समय कड़ा धाम पुलिस और महेवघाट पुलिस ने तीनों लडकियों को बरामद कर लिया है।

# जन औषधि केंद्र बना मेडिकल स्टोर लूटे जा रहे हैं मरीज

**कौशाम्बी।** केंद्र की मोदी सरकार ने मरीजों को सस्ते कीमत पर दवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जन औषधि केंद्र खोला था लेकिन मोदी सरकार द्वारा खोला गया यह जन औषधि केंद्र अपने उद्देश्य से भटक गया है जन औषधि केंद्र के संचालक इस केंद्र को अब व्यवसाय बना चुके हैं जिससे मरीजों को लाभ होता नहीं दिख रहा है बताया जाता है कौशाम्बी जनपद के संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर में खुले जन औषधि केंद्र में सस्ते दर की दवाइयां उपलब्ध नहीं रहती हैं और मरीजों को बाजार से खरीद कर महंगे दर की दवाइयां बेची जा रही है सूत्रों की माने तो प्रत्येक महीने 7 लाख रुपए से अधिक दवाई खुले बाजार की जन औषधि केंद्र से बेची जा रही है महंगी दवाई बेचे जाने के मामले में अभी तक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मुख्य चिकित्सा अधिकारी और ड्रग इंस्पेक्टर ने जन औषधि केंद्र के कारनामे को संज्ञान लेकर इन पर कार्यवाही करते हुए मुकदमा नहीं दर्ज कराया है जिससे मरीज मजबूर है और महंगे कीमत की दवाई खरीद रहा है सूत्रों के माने तो जन औषधि केंद्र केंद्र के अंदर बाहर की बड़े पैमाने पर दवाइयां का भंडार है इतना ही नहीं संचालक के लक्जरी वाहन से बाहर की दवाइयां मंगाई जाती हैं और संचालक के इस वाहन में अस्पताल परिसर में बाहर की दवाइयां का भंडारण किया जाता है संचालक की लग्जरी कार दवाई भंडार गृह बन चुका है जन औषधि केंद्र के माध्यम से सस्ते दर की मिलने वाली मरीजों को दवाइयां कहा कालाबाजारी की जा रही हैं यह भी जांच का विषय है लेकिन जन औषधि केंद्र से गायब हो चुकी दवाइयो की अभी तक जांच नहीं कराई गई है सस्ते दर की दवाई जन औषधि केंद्र से गायब किए जाने के मामले में यदि उच्च स्तरीय जाच कराई गई तो जन औषधि केंद्र में बड़े घोटाले का उजागर होना तय है चचाओं पर जाए तो जन औषधि केंद्र के कौशांबी के साथ-साथ अन्य जिलों में भी दवा की कालाबाजारी का खेल बड़ी तेजी से पनप रहा है मरीज और उनके परिजनों ने योगी मोदी सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए जन औषधि केंद्र में दवाइयों के कालाबाजारी के खेल पर रोक लगाए जाने और कालाबाजारी में लिप्त जन औषधि केंद्र संचालकों पर मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी की मांग की है।

**मोदी की योजना में चपत लगाने वालों पर मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी का अभी तक सीएमओ सीएमएस ड्रग इंस्पेक्टर ने नहीं किया प्रयास**



### सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न



**कौशाम्बी।** भाजपा के जिला कार्यालय में शुक्रवार को सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों की कार्य योजना एवं आगामी दिनों में संगठन द्वारा लखनऊ में प्रस्तावित सहकारिता रैली की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा काशी छेत्र के सह संयोजक चन्द्र शेखर ओझा रहे बैठक में जिला की साधन सहकारी समितियों के भाजपा समर्थित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि चन्द्र शेखर ओझा ने सहकारिता क्षेत्र में सरकार द्वारा किये जा रहे उल्लेखनीय सुधारों और सहकारिता की मजबूती के लिए ऐतिहासिक प्रयासों की विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा की प्रचण्ड विजय के लिए सभी से प्राण प्रण से जुटने का आह्वान किया। सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक एवं जिला सहकारी फेडरेशन के चेयरमैन चन्द्र दत्त शुक्ल ने सहकारिता से जुड़े सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए सभी से संगठन की मजबूती एवं लोकसभा चुनाव में सहकारिता का कायाकल्प करने वाली मोदी सरकार को पुनः प्रचण्ड बहुमत से विजयी बनाने हेतु भाजपा को मजबूत करने की अपील किया बैठक में राज्य सहकारी निर्माण संघ के डायरेक्टर अशोक केसरवानी, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर धर्मराज पाल, सहकारिता प्रकोष्ठ के सह संयोजक शेखर पांडेय, डॉ. गुलाब कुशवाहा, अरविंद द्विवेदी, जय प्रकाश विश्वकर्मा, सुनील मिश्रा, शिवाकांत मिश्र, वेदांत उपाध्याय, मोहित त्रिपाठी, अवनीश त्रिपाठी, सहित विभिन्न साधन सहकारी समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने की जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दियें। बैठक में अध्यक्ष, नगर पंचायत पूरब-पश्चिम शरीरा व्यापार मण्डल श्री विपिन केसरवानी ने बताया कि थाना पश्चिम शरीरा के बगल में लगे ट्रान्सफार्मर में पूर्व में कई बार आग लग चुकी है, जिससे व्यापारियों व राहगीरों को जान-माल का खतरा बना रहता है, अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि ट्रान्सफार्मर को शिफ्ट करने के लिए जगह चिन्हित कर लिया गया है एवं स्टीमेट लगभगत 04 लाख का बना है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। जिला व्यापार मण्डल नगर इकाई सिराथू द्वारा नगर पंचायत में खेल का मैदान बनाये जाने के प्रकरण पर ईओ सिराथू ने अवगत कराया कि मिनी स्टेडियम बनाये जाने के लिए कार्यवाही की जा रहीं है। बैठक में जिला व्यापार मण्डल सिराथू द्वारा अवगत कराया गया कि सिराथू बाजार में मंझनपुर रोड पर सरकारी गेस्ट हाउस के बाहर 10 दुकाने बनकर तैयार हैं, जिनका आवंटन अभी तक नहीं हुआ है, जिस पर ईओ ने बताया कि 06 दुकानों के आवंटन सम्बन्धी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी हैं, शेष 04 दुकानों का आवंटन इस वित्तीय वर्ष में हो जायेंगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री महन्थ प्रजापति ने व्यापारियों से बन्दी दिवस का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त राज्यकर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी तथा प्रवेश केसरवानी व संजय जायसवाल सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, रविवार
04.02.2024



## संपादक की कलम से

# 'एड–टेक' की उठा–पटक!

ऐसे समय में सामने आए रवींद्रन बायजू! बायजू इंजीनियरिंग के प्रतिभावान छात्र थे। 2006 में अपने ही आसपास के कुछ युवाओं को उन्होंने पढ़ाना शुरू किया और फिर 2011 में 'बायजूस' नामक कंपनी शुरू की जिसका काम ही ऑनलाइन शिक्षा देना था। वे निवेशकों को यह समझाने में कामयाब हुए कि शिक्षा का उनका मॉडल देश की टूटी–बिखरी शिक्षा–व्यवस्था में जरूरी क्रांति लाएगा। उनका दावा था कि देश के दूर–दराज इलाकों में, जहां न स्कूल हैं, न योग्य शिक्षक, शिक्षा पहुंचाने का काम उनका मॉडल ही कर सकता है।

शिक्षा जगत में कोहराम मचा है। कोहराम इसलिए नहीं मचा है कि सरकारी विद्यालय बंद हो रहे हैं, कि योग्य शिक्षक नहीं मिल रहे हैं। कोहराम इस पर भी नहीं मचा है कि स्कूल हों या कॉलेज या कोचिंग संस्थान, सब मिलकर समाज में शिक्षा नहीं, नफरत के बीज बो रहे हैं। प्रतिभावान विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में नाकाम होकर आत्महत्या कर रहे हैं, यह भी कोहराम का विषय नहीं है। शिक्षा जगत में शिक्षा के किसी पहलू को लेकर कोई कोहराम नहीं है। कोहराम मचा है, 'एड–टेक' यानि ऑनलाइन शिक्षा की दुनिया में! एजुकेशन का 'एड' और टेक्नॉलॉजी का 'टेक।' वहां भूचाल आया हुआ है– क्या विद्यार्थी, क्या शिक्षक और क्या अभिभावक सभी ऊब–डूब हो रहे हैं।

ऑनलाइन शिक्षा में क्रांति लाने वाली कंपनी 'बायजूस' दिवालिया हो गई है। ऑनलाइन जगत के दो 'बड़े लोग'– संदीप महेश्वरी और विवेक बिंद्रा के बीच तलवार खिंची हुई है। विवेक बिंद्रा हजारों रुपये की फीस लेकर उद्योगपति बनने का गुर सिखाता ऑनलाइन कोर्स चलाते हैं। दूसरी तरफ संदीप महेश्वरी हैं जो यू ट्यूब पर ज्ञान बांटते हैं। इन दोनों के मिलाकर साढ़े चार करोड़ सब्सक्राइबर हैं। आपको याद ही होगा कि संदीप महेश्वरी कभी विवेक बिंद्रा को अपने चैनल पर बुला–बुलाकर हमारे बीच प्रतिष्ठित कर रहे थे; अब वे ही संदीप हमें बता रहे हैं कि विवेक बिंद्रा कितने बड़े धोखेबाज हैं! मेरे लिए बायजूस, संदीप और विवेक तीनों एक ही समस्या के कई चेहरे हैं।

समस्या क्या है? एक अध्ययन के मुताबिक भारत में शिक्षा की उम्र के लगभग 24 करोड़ बच्चे हैं। 12वीं तक आते–आते इनकी संख्या 16 लाख रह जाती है और स्नातक तक यह संख्या घटकर 10 लाख तक पहुंचती है। उत्तरोत्तर घटती विद्यार्थियों की संख्या एक समस्या है तो दूसरी समस्या यह है कि भारत की शिक्षा–व्यवस्था कमोबेश खत्म हो चुकी है। सरकारी स्कूल बंद किये जा रहे हैं, योग्य शिक्षक नहीं हैं। कोचिंग का बिजनेस जितना भी फल–फूल रहा हो, परिक्षाएं हो नहीं रहीं, पर्चे लीक हो रहे हैं। प्रतिभावान और आर्थिक रूप से सक्षम नौजवान शिक्षा और रोजगार के लिए विदेश जा रहे हैं। जिनके लिए विदेश संभव नहीं है, वे सब प्रतियोगी परीक्षाओं और कोचिंग के चक्रव्यूह में फंसे हैं। बाकी रह गए 23,90,00000 नौजवान! वे कहां हैं, क्या करते हैं, कैसे जीते–मरते हैं, इसकी चर्चा कभी–कहीं नहीं होती।

ऐसे समय में सामने आए रवींद्रन बायजू! बायजू इंजीनियरिंग के प्रतिभावान छात्र थे। 2006 में अपने ही आसपास के कुछ युवाओं को उन्होंने पढ़ाना शुरू किया और फिर 2011 में 'बायजूस' नामक कंपनी शुरू की जिसका काम ही ऑनलाइन शिक्षा देना था। वे निवेशकों को यह समझाने में कामयाब हुए कि शिक्षा का उनका मॉडल देश की टूटी–बिखरी शिक्षा–व्यवस्था में जरूरी क्रांति लाएगा। उनका दावा था कि देश के दूर–दराज इलाकों में, जहां न स्कूल हैं, न योग्य शिक्षक, शिक्षा पहुंचाने का काम उनका मॉडल ही कर सकता है। वे कहते थे : 'सोचिए न, दुनिया का सबसे नौजवान देश भारत यदि अपने युवाओं को योग्य शिक्षा देने लगे तो विकास की दुनिया में कहां पहुंच जाएगा!' रवींद्रन साहब का यह सपना खूब बिका– देश–दुनिया के कई बड़े निवेशकों ने 'बायजूस' की झोली में पैसा उड़ेल दिया।

'बायजूस' क्लासेज तेजी से खुलने लगीं; बात फैलने लगी! कोविड के दौरान जब सब कुछ बंद था, 'बायजूस' खुला रहा, खुलता रहा। उसका दानवाकार तैयार हो गया, लेकिन गुलजार साहब ने लिखा है न : 'वक्तरहता नहीं कहीं टिककर;' तो 'बायजूस' का वक्त भी कैसे टिका रहता! बताया गया कि जिस समय 'बायजूस' की कमाई 3,500 करोड़ थी, उसका घाटा 2,250 करोड़ था। पिछले दिनों यह सच्चाई चर्चा में आई कि 'बायजूस' का बिजनेस मॉडल इस कदर नुकसान कर रहा है कि रवींद्रन को अपना घर गिरवी रखना पड़ा है, लेकिन हमारी क्रांतिकारी सरकार लुटे–पिटे रवींद्रन–मॉडल की तरफ दौड़ रही है। उसका शिक्षा–मॉडल यह है कि छोटे–छोटे स्कूलों को बंद करो, ऑनलाइन क्लास को खूब बढ़ावा दो!

दूसरी तरफ हैं विवेक बिंद्रा, जो ऑनलाइन गुरु हैं। नौजवानों को 10 दिन में 'एमबीए' कराने का दावा करते हैं; प्रति माह लाखों कमाने की तरकीब सिखाते हैं। उनके ऑनलाइन कोर्स की फी हजारों में है तो लाखों में उनके सब्स्क्राइबर हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि विवेक बिंद्रा करोड़ों की कमाई करते हैं। संदीप महेश्वरी को इससे गहरा एतराज है। वे बिंद्रा को एक्सपोज करने में जुटे हैं। वे कहते हैं कि बिंद्रा के कोर्स से कोई कमाई नहीं हो रही है; कमाई कराने के लिए बिंद्रा सबको उनका कोर्स ही दूसरों को बेचने के लिए कह रहे हैं। शिक्षा की ऑनलाइन दुनिया में जोहो रहा है, दरअसल वही हमारी असल जिंदगी में भी हो रहा है। शिक्षा का मतलब क्या है; शिक्षा कैसी हो और कैसे दी जाए आदि सवाल अब कोई पूछता नहीं है। सब पूछते हैं कि शिक्षा से कमाई कैसे होगी व कितनी? यही तो बिंद्रा, संदीप और रवींद्रन भी बता रहे थे; और यही हमारी पुराणपंथी सरकार की नई शिक्षा–नीति भी बता रही है। बगैर कोई सवाल पूछे अंग्रेजी राज चलाने वाले नौकरों की खोज में से निकली थी, यह शिक्षा–नीति! उसे ही बिंद्रा–संदीप–रवींद्रन–मोदी सब जारी रखना चाहते हैं।

## राजनीतिक प्रतिशोध के नये शिकार हेमंत सोरेन

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने विरोधी दलों के नेताओं के प्रति दुर्भावना एवं राजनीतिक प्रतिशोध का खेल जारी रखते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आखिरकार बुधवार की रात अपनी जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट) के जरिये जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार करवा ही लिया। ईडी ने 10 दिनों के लिये उन्हें अपनी हिरासत में रखने की मांग की है।

गिरफ्तारी की आशंका के चलते तेजी से घूमे राजनैतिक घटनाक्रम में श्री सोरेन ने उसके पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को इस्तीफा सौंप दिया था तथा सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक दल ने चंपई सोरेन को सर्वसम्मति से अपना नेता चुन लिया। इस गिरफ्तारी को उसी नजरिये से देखा जा रहा है जिसके अंतर्गत दिल्ली सरकार के तीन वरिष्ठ मंत्रियों व एक सांसद को महीनों से जेल में डालकर रखा गया है तथा वहां के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिर पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत देश के कई विपक्षी नेता ईडी के रडार पर हैं। मुख्यमंत्री पद पर रहते गिरफ्तार होने वाले वे पहले नेता हैं। उनके पिता शिबू सोरेन को भी 20 साल पहले गिरफ्तार किया गया था। हालांकि उन्होंने खुद कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था।

देश में जिस प्रकार से भाजपा सरकार विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ अपनी तीनों जांच एजेंसियों द्वारा– आयकर व सीबीआई की अंधाधुंध छापेमारी करवा रही है तथा उन्हें जेलों में डलवाया जा रहा है, वह गम्भीर खतरों का संकेत है। इन एजेंसियों का इस्तेमाल भाजपा विरोधी सरकारों को गिराने के लिये करती है। अब साफ है कि हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इसी छापेमारी से घबराकर इंडिया गठबन्धन का साथ छोड़ गये और उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में रहने में ही अपनी भलाई समझी। अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में बिहार पहुंचे राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा कि 'थोड़ा सा दबाव पड़ते ही नीतीश कुमार टूट गये।' जो हो, इस गिरफ्तारी के खिलाफ जब यह कहकर रांची हाईकोर्ट ने सुनवाई नहीं की कि 'मामला तत्काल सुने जाने लायक नहीं है', वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी आदि सुप्रीम कोर्ट गये हैं। इस पर शीर्ष अदालत शुक्रवार को सुनवाई करेगी। इसके साथ ही एक बार फिर से भाजपा का अलोकतांत्रिक चेहरा सामने आया है। उसने पुन: साबित कर दिया है कि वह सत्ता पाने हेतु किसी भी हद तक जा सकती है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी ऐसे वक्त पर हुई है जब केवल एक दिन पहले चंडीगढ़ के मेयर का निर्वाचन भाजपा ने विपक्षी वोटों को हथियाकर जीत लिया। केन्द्र सरकार द्वारा उस ईवीएम के जरिये ही मतदान कराने की बात पर अड़े रहना भी यही दशार्ता है कि भाजपा येन केन प्रकारेण हर चुनाव को जीतने पर आमादा है। यह गिरफ्तारी उसी कुचक्र की एक कड़ी है।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तार का असली मकसद वहां की सरकार को गिराना है। वहां जेएमएम के लगभग 47 विधायक हैं और भाजपा के पास करीब 33 हैं। अब भाजपा वहां सत्ता पक्ष के विधायकों को तोड़कर सरकार बनाने पर आमादा है। झारखंड जिस बिहार को विभाजित कर बनाया गया, वहां केवल तीन दिन पहले जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो व मुख्यमंत्री नीतीश ने राष्ट्रीय जनता दल से अलग होकर 6 घंटों के भीतर एनडीए के साथ नयी सरकार बना ली। झारखंड का आलम यह है कि चंपई सोरेन ने अपने साथ खड़े सभी 47 विधायकों की सूची राज्यपाल को सौंपी है। इसके बावजूद राज्यपाल ने बिहार के अपने समकक्ष राजेन्द्र अरलेकर जैसी तत्परता नहीं दिखाई। चंपई सोरेन को गुरुवार शाम 5.30 बजे मिलने का वक्त दिया गया है, लेकिन केवल 5 लोगों के साथ। उनके जल्दी शपथ लेने के आसार नहीं दिखते।

# कैंसर की जकड़ में महिलाएं

.अरविंद जयतिलक



गत वर्ष जेसीओ ग्लोबल ऑन्कोलॉजी में प्रकाशित यह अध्ययन चिंतित करने वाला है कि भारत में कैंसर से महिलाओं की मौत सर्वाधिक हो रही है। अध्ययन के मुताबिक वर्ष 2000 से वर्ष 2019 के बीच पुरुषों में कैंसर मृत्यु दर में सालाना 0॰19 फीसदी की गिरावट आई है वहीं महिलाओं में 0॰25 फीसदी की वृद्धि हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से किए गए इस अध्ययन से उद्घाटित हुआ है कि भारत में फेफड़ेए स्तनए कोलोरेक्टमए लिम्फोमाए मल्टीपल मायलोमाए पित्ताशयए अग्नाशयए गुर्दे और मेसोथेलियोमा के कैंसर के कारण मृत्यु दर में वृद्धि हुई है। अध्ययन में कहा गया है कि 23 प्रमुख कैंसर के कारण 19 साल के दौरान कैंसर से 1॰28 करोड़ से अधिक लोगों की मौत हुई है। इनमें सर्वाधिक मौतें पैंक्रियाज कैंसर में हुई है। पुरुषों में यह दर 2॰1 फीसदी है जबकि महिलाओं में 3॰7 फीसदी है। यह पहली बार नहीं है जब महिलाओं में कैंसर की भयावहता को लेकर चिंता जताया गया है। याद होगा गत वर्ष पहले पेरिस में आयोजित वर्ल्ड कैंसर कांग्रेस में अमेरिकन कैंसर सोसायटी और प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल लैंसेट के शोध से भी खुलासा हुआ था कि 2030 तक कैंसर से होने वाली महिलाओं की मौतों में 60 फीसदी का इजाफा होगा। शोध के एक उदाहरण के मुताबिक वर्ष 2012 में कैंसर के 67 लाख मामले में 35 लाख महिलाओं की मौत हुई। शोध में आशंका जताया गया है कि 2030 तक 99 लाख महिलाएं कैंसर की चपेट में आ सकती हैं। चिंता की बात यह है कि वैश्विक स्तर पर तमाम जागरुकता और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के बावजूद भी पिछले दो दशक में महिलाओं के कैंसर में 60 फीसदी का इजाफा हुआ है। विशेषज्ञों ने शोध में पाया है कि वर्तमान समय में दुनिया की प्रत्येक 7 महिलाओं की मौतों में एक की मौत कैंसर से हो रही है। शोध में यह भी उद्घाटित हुआ है कि 2030 तक सर्वाइकल ;बच्चेदानी का मुंहद्ध कैंसर से पीडित महिलाओं की संख्या 7 लाख हो सकती है। यानी इसमें 25 फीसदी का इजाफा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में सर्वाइकल कैंसर की चपेट में आकर हर साल दुनिया में तकरीबन तीन लाख महिलाओं की मौत हो रही है। उपचार के विकल्पों के अभाव में विकसित देशों के मुकाबले विकासशील देशों में कैंसर पीड़ित महिलाओं की सर्वाधिक मौतें हो रही हैं। सर्वाइकल कैंसर के कारण दम तोड़ने वाली महिलाओं की 85 फीसदी आबादी केवल विकासशील देशों से है। चिंता की बात यह भी कि कैंसर से पीड़ित महिलाओं के सर्वाधिक मामले गरीब देशों में देखे जा रहे हैं। गरीब देशों में कैंसर से होने वाली कुल मौतों में दो तिहाई स्तन कैंसर और 10 में से 9 सर्वाइकल कैंसर से हो रही है। शोधकताओं ने पाया है कि तेजी से होते आर्थिक बदलाव से बढ़ती शारीरिक निष्क्रियताए असंतुलित खुराकए मोटापा और प्रजनन कारकों के चलते गरीब देशों में कैंसर पीड़ित महिलाओं की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। अगर नियमित शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा दिया जाए तो इससे शरीर संतुलित रहेगा और एक तिहाई कैंसर के मामले रोके जा सकते हैं। गत वर्ष पहले ष्इंडस हेल्थ प्लसष की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि शहरों में बढ़ते हुए मोटापे के कारण 10 से 12 फीसदी जनसंख्या पेट के कैंसर के जोखिम के दायरे में आ गयी है। 25 से 30 वर्ष के आयु वर्ग की 17 फीसदी जनसंख्या में धुम्रपान एवं तंबाकू के सेवन के कारण मुख एवं फेफड़े के कैंसर का उच्च स्तरीय खतरा बन गया है। इनमें एक बड़ी तादाद महिलाओं की है। चिकित्सकों का कहना है कि एक तिहाई से ज्यादा कैंसर तंबाकू या उससे बने उत्पादों के सेवन की देन है। वहीं एक तिहाई खान.पान व रहन.सहन या दूसरे कारणों हो होते हैं। जहां तक महिलाओं द्वारा तंबाकू का सेवन का सवाल है तो इनकी संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। कैंसर विशेषज्ञों का कहना है कि महिलाओं को तंबाकू सेवन से बचना चाहिए। इसलिए कि उनका शरीर तंबाकू के प्रति उच्च संवेदनशील होता है। तंबाकू सेवन से उनमें सर्वाइकल कैंसर का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। तंबाकू सेवन के अलावा घर व बाहर का वायु प्रदूषण भी महिलाओं में कैंसर के बढ़ते खतरे का शबब बन रहा है। अब महिलाएं भी घर से बाहर निकलकर काम कर रही हैं। नतीजतन वाहन एवं उद्योगों से निकलने वाले जहरीले धुंए से होने वाले प्रदूषण के कारण विगत एक दशक में महिलाओं में फेफड़े के कैंसर मामले में 5 से 6 फीसदी का इजाफा हुआ है। दक्षिण पूर्व एशिया के महिलाओं में यह समस्या ज्यादा विकट है। हालांकि विश्व कैंसर दिवस के संस्थापक ष्यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल का दावा है कि कि अगर ष्एचपीवी टीकाष को कैंसर के मरीजों के बीच अच्छी तरह वितरित किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को समाप्त किया जा सकता है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह कि विकासशील देशों का इस टीके तक अभी पहुंच ही नहीं बनी है। नतीजतन कैंसर पीड़ितों की मौत का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। जबकि यह सच्चाई है कि कैंसर के 90 फीसदी से ज्यादा मरीजों का फर्स्ट स्टेज में इलाज हो सकता है। लेकिन इस स्तर पर ठोस पहल नहीं हो रहा है। भारत की बात करें तो यहां सालाना होने वाली कुल मौतों में से 6 से 7 फीसदी मौतें कैंसर से होती है। यह दुनिया भर में कैंसर से होने वाली कुल मौतों का 8 से 9 फीसदी है। आंकड़ों के मुताबिक देश में हर रोज 13000 से 15000 लोगों की मौत कैंसर से होती है। राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के मुताबिक वर्ष 2020 में तकरीबन 14 लाख लोगों की मौत कैंसर से हुई। मरीजों की संख्या में प्रतिवर्ष 12॰8 फीसदी का इजाफा हो रहा है। एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2025 में यह बीमारी 15 लाख से अधिक लोगों की जिंदगी लील सकती है। गौर करें तो भारत में कैंसर की प्रमुख वजहों में अशिक्षाए कुपोषणए गरीबीए कम उम्र में विवाहए महिलाओं का बार.बार गर्भवती होना और खराब सेहत है। अगर इस दिशा में सुधार के कदम उठाया जाएं तो परिणाम बेहतर हो सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कैंसर के उपचार के विकल्प को मात्र तीन तरीके से पाटा जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले वैश्विक समुदाय को विकासशील देशों में कैंसर की जांच के लिए कार्यक्रम चलाने में मदद देनी चाहिए। इसके तहत रेडियोथेरेपी मशीनें उपलब्ध कराने के साथ ही भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना की तरह आम लोगों के लिए बुनियादी स्वास्थ्य बीमा को अपनाने का बढ़ावा दिया जाना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हर साल कैंसर के उपचार में पूरी दुनिया में 400 अरब डॉलर का निवेश किया जाए तो कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या आधी रह जाएगी। अगर सर्वाइकल व स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाएं समय रहते पपानीकोलाउ ;पैपद्ध स्मीयर और मैमोग्राम स्क्रीनिंग टेस्ट कराकर तुरंत इलाज कराएं तो इस भयंकर बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आईएआरसी के मुताबिक बेहतर उपचार होने की स्थिति में बचने वाले पांच मरीजों में से चार विकासशील देशों के होंगे। लेकिन विडंबना है कि कैंसर पीड़ित मरीजों विशेषकर महिलाओं में इस भयावह बीमारी को लेकर जागरुकता का घोर अभाव है। दूसरा कारण यह भी कि महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर समाज अभी भी जागरुक नहीं है और उसकी अनदेखी करता है। लिहाजा महिलाओं को समय पर इलाज भी नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि भारत में हर वर्ष कैंसर पीडित महिलाओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। अच्छी बात है कि दुनिया भर के वैज्ञानिक कैंसर का प्रभावी इलाज खोजने के लिए लगातार शोध कर रहे हैं। आज उसी का नतीजा है कि कीमोथेरेपी के अलावा कई ऐसे उपचार तैयार कर लिए गए हैं जिससे कैंसर को मात देने में सफलता मिल रही है। पिछले चार दशक में कैंसर से उबरने वाले लोगों की संख्या में दो गुना से अधिक इजाफा हुआ है। आज 3॰2 करोड़ लोग कैंसर को मात देकर स्वस्थ जीवन जी रहे हैं।

# भ्रष्टता निवारण है सशक्त लोकतंत्र का आधार

-: ललित गर्ग :-



झारखंड राज्य में जमीन खरीद में गड़बड़ी, अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के कथित पुराने मामलों की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से झारखंड की सरकार संकट में आ गयी और उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े भारत लोकतंत्र के आदर्श एवं सशक्त होने की बड़ी अपेक्षा है। आजादी के अमृत काल में राजनीति का शुद्धिकरण एवं अपराध मुक्ति ही भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बना सकेगा। हेमंत सोरेन के बाद अब अगला नम्बर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का है। स्पष्ट है कि अब भ्रष्टाचारियों की नैया पार होने वाली नहीं है। अगर ये लोग सोचते हैं कि ताकतवर होने के कारण कानून उन तक नहीं पहुंच सकता, तो ये मुगालते में हैं। अगर उन्होंने भ्रष्टाचार किया है, तो उन्हें अपने किए की सजा मिलेगी ही। भ्रष्ट आचरण से करोड़ों-अरबों की संपत्ति लूटने वाले नेतागण शायद नहीं जानते कि केंद्र में ऐसी मजबूत सरकार है, जो भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती। इसीलिए तो जांच एजेंसियों को पूरी छूट मिली हुई है कि वे भ्रष्ट आचरण करने वालों को पकड़ें। दबाव मुक्त केन्द्रीय एजेंसियां अपने काम में जुटी भी हुई हैं, उनकी टांग खिंचने की बजाय उनका हौसला बढ़ाना चाहिए।

इनदिनों गैरभाजपा प्रांतों में भ्रष्टाचार के मामले बड़ी संख्या में उजागर हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी जेल की सलाखों के पीछे हैं, इनकी गिरफ्तारी बता रही है कि ममता बनर्जी एवं अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कितने ही दावे क्यों न करें, लेकिन उनके वरिष्ठ मंत्री भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक मजबूरियां जी रहे हैं। राजनीति की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। राजनीतिक दल अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।

भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं जाति-सम्प्रदाय के हिंसक आग्रहों पर इंडिया गठबंधन में कोई बहस नहीं है, कोई आदर्श राष्ट्र निर्माण की दृष्टि एवं दिशा नहीं है। राजनीति में लगे लोगों में जब इन मसलों की गहराई तक जाने का धैर्य और गंभीरता चुक जाए, तो उनके मंच के संवाद पहले निम्न दर्जे तक गिरते हैं और फिर कीचड़ को ही संवाद का विकल्प मान लिया जाता है। इन दिनों यही हो रहा है। भ्रष्टाचार के लिए मोदी सरकार जो कार्रवाइयाँ कर रही हैं, वह सराहनीय है। भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके ऐसे नेताओं की कमी नहीं है, जो यह मानते हैं कि सरकार उनकी है और वे कुछ भी कर सकते हैं। इस तरह की भ्रामक सोच भारतीय राजनीति का पतन कर रही है। इसकी शुचिता और पारदर्शिता को धूमिल कर रही है। पहले राजनीति का अर्थ लोगों की सेवा करना होता था, लेकिन बाद में यह अपने लोगों की सेवा का माध्यम समझी जाने लगी। बिहार, बंगाल, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्य तो इसमें सबसे ऊपर दिखते हैं। झारखंड में ही अभी जो घटनाक्रम हुआ है, क्या उससे यह धारणा नहीं बनती कि हेमंत सोरेन ने जरूर कुछ ऐसे कार्य किए हैं कि पहले उन्हें ईडी से भागना पड़ा और जब उन पर दबिश बढ़ी, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर ईडी अधिकारियों के हाथों गिरफ्तार होना पड़ा।

बिहार का हाल भी झारखण्ड से अलग नहीं है। वहां पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का भ्रष्टाचार लगातार खबरों में रहा है, वे भी सजा भुगत चुके हैं। उनके पुत्र तेजस्वी यादव व अन्य परिजन पर भी जमीन घोटाले के आरोप हैं। कहा जाता है कि जब ईडी ने तेजस्वी यादव से सवाल पूछे, तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

उन्होंने घोटाले के वक्त खुद के नाबालिग होने की बात कही। जब ईडी अधिकारियों ने पूछा कि करोड़ों की कंपनी कैसे बनाई, तो उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी न होने की बात कही। जबकि लालू यादव के पास इतनी संपत्ति कैसे जमा हुई, यह कोई छिपा रहस्य नहीं है। इसलिए यह कयास भी गलत नहीं है कि देर-सबेर तेजस्वी यादव भी अपने पिता की तरह जेल में दिख सकते हैं। कुछ इसी तरह की कहानी देश के अन्य राज्यों में भी है, जहां मुख्यमंत्री और बड़े नेता ईडी के निशाने पर हैं, इसलिए मुमकिन है कि आने वाले दिनों में हम और भी कई नेताओं को कालकोठरी में देख सकते हैं।

बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय जनता दल, की ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसकी खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भ्ज्ञी दल के नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बुगल बजाय हुए हैं तो यह आजादी के अमृत महोत्सव मनाने की सार्थक पहल है, जिसके माध्यम से वे भारत के विलक्षण और ऐतिहासिक प्रधानमंत्री माने जाएंगे। राजनीतिज्ञों की साख गिरेगी, तो राजनीति की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। हमारे पास राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद रास्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टाचार के बाद तीसरा नंबर इस कीचड़ उछाल राजनीति का भी है, जिसमें गलत को गलत नहीं माना जाता। ये तीनों ही राजनीति के औजार नहीं है, इसलिए राजनीति को तबाही की ओर ले जाते हैं। अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इससे खिलाफ लड़ाई के लिए काफी वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, लेकिन कीचड़ उछाल से परहेज करके और सार्थक बहस चलाकर देश की राजनीति का सुधार आंदोलन शुरू किया जा सकता है। राजनैतिक कर्म में अपना जीवन लगाने वालों से इतनी उम्मीद तो की ही जानी चाहिए कि भ्रष्टाचार के खिलाफ होने वाली कार्रवाइयों को राजनीतिक रंग न दे। ऐसी ही उम्मीदभरी एवं स्वच्छ राजनीति से भारत का लोकतंत्र समृद्ध हो सकेगा।

# पके भोजन की बबार्दी रोकने वैश्विक अभियान को मूर्त रूप देने की दरकार

संयुक्त राष्ट्र संघ की फूड वेस्ट इंडेक्स सर्वे के अनुसार 2023 में हर एक नौ में से एक व्यक्ति पर्याप्त भोजन तथा आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में एड्स, मलेरिया ,टीवी और करोना 2023 में जितने व्यक्ति की मृत्यु हुई है उससे कहीं ज्यादा लोग भुखमरी से ग्रस्त होकर भगवान को प्यारे हो गए है । संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार ही पूरी दुनिया में गरीबों की संख्या लगभग 130 करोड़ है और दूसरी तरफ दुनिया में सर्वाधिक प्रभावित गरीब व्यक्ति भारत में निवासरत हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत फूड वेस्ट इंडेक्स 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 93 करोड़ लाख तक खाना कूड़े करकट के रूप में बर्बाद हुआ है। जिनमें घरों से निकला हुआ भोज्य पदार्थ का कूड़ा करकट लगभग 55%, होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य बाजार के भोजन बेचने वालों 24% तथा अन्य क्षेत्र में लगभग 22 से 24% भोजन बर्बाद हुआ है। पूरे विश्व में भोजन के बर्बाद होने से भुखमरी के आंकड़े और भी बढ़ गए हैं। बड़ी हैरानी और हैरतअंगेज बात यह है कि पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति 1 साल में लगभग 122 से 124 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता है। भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 50 किलो ,अफगानिस्तान 82 किलो, नेपाल 79 किलो ,श्रीलंका 76 किलो, पाकिस्तान 74 किलो और भूटान जैसा छोटा देश 79 किलो भोजन बर्बाद करता है। भोजन बर्बाद करने की एवं भोजन को कूड़ा करकट बनाकर फेंकने की कुसंस्कृति ही लगातार कई देशों को गरीब से गरीबतर बनाते जा रही है। पूरे विश्व स्तर पर विकसित विकासशील एवं गरीब देश भोजन की निर्मम बबार्दी करते आ रहे हैं। एक तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ भुखमरी उन्मूलन के लिए अभियान छेड़ कर रखा है जिसका नाम दिया गया है जीरो हंगर यानी कि भुखमरी शून्य स्तर पर लाने का प्रयास जारी है पर इस अभियान में विकासशील ,गरीब तथा विकसित देश अपने देशों में खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट को फेंक कर अवरोध पैदा करने में कोई कमी बेसी नहीं छोड़ रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में कुछ विकासशील देशों में बढ़ती जनसंख्या और लगातार गिरते अनाज के उत्पादन के साथ-साथ अन्न की निर्मम बबार्दी की वजह से दुनिया भर में भूख और भुखमरी से पैदा होने वाली समस्याओं तथा भुखमरी से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह भारत देश का दुर्भाग्य है की कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कि भारत में करीब 50 हजार करोड़ की कीमत का हर साल अपशिष्ट के रूप में अन्न बर्बाद होता है, शायद आपको अंदाजा ना हो कि इतना अनाज बिहार जैसे बड़े राज्य की जनसंख्या को 1 वर्ष तक अन्य की आपूर्ति कर सकता है। भोजन की बबार्दी एक सामाजिक अपसंस्कृति एवं कुसंस्कृति की तरह व्याप्त होती जा रही है, विवाह समारोह अन्य उत्सव बफे सिस्टम एवं अन्य सामाजिक समारोह में अपनी थाली में ज्यादा से ज्यादा भोजन लेकर उसे बर्बाद कर देने की प्रवृत्ति अब आम हो गई है और थाली में पड़ा हुआ अनाज या तो सड़ जाता है अथवा बाहर फेंक दिया जाता है। भोजन की इस तरह बबार्दी एक तरह से कुसंस्कृति को बढ़ावा देकर एक सामाजिक बुराई के रूप में सामने आ रही है। अनाज को थाली या कूड़ेदान में फेंक देने से उससे केवल अनाज की बबार्दी नहीं होती बल्कि ऊर्जा, जल ,पोषक तत्वों की बबार्दी होती है। अलावा इसको पैदा करने वाले किसानों को भी एक तरह निराशा का सामना करना पड़ता है अनाज उत्पादन के लिए जितनी मेहनत मशक्कत किसान करता है उसके अलावा खेती की जमीन बढ़ाने के लिए वनों का विनाश भी बड़ी तेजी से हो रहा है एवं उस जमीन की उर्वरा शक्ति का भी निरंतर क्षरण हो रहा है ।लगातार रसायनिक खादों रासायनिक तत्वों के उपयोग के कारण मिट्टी की गुणवत्ता तो खराब हो ही रही है। इसके अलावा पर्यावरण एवं वातावरण भी खराब होता जा रहा है एवं खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट छोड़ने से जानवरों की खाने से जानवरों को भी जीवन का खतरा बनते जा रहा है। इससे अन्य संक्रामक बीमारियां भी फैलने का खतरा बढ़ने लगा है। अनाज को अपशिष्ट के रूप में बर्बाद करने से न सिर्फ अनाज बर्बाद होता है बल्कि किसान की मेहनत जमीन का क्षरण उसमें लगने वाली सिंचाई के लिए पानी की बबार्दी एवं समय का दुरुपयोग भी माना जाता है।


## जानलेवा हमले का वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की अगुवाई में दरोगा शियाशरण नायक व सिपाही शिवलाल ने बलबा, जान से मारने की धमकी, गाली-गलौज व जानलेवा हमला के वारंटी सोनू कोल पुत्र नत्थू कोल निवासी मुटवन छिवलहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## विद्युत विभाग के पेड काटे जाने का जताया विरोध

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** विद्युत विभाग विद्युत तारों को दुरुस्त करने को बिना अनुमति के हरेभरे पेडों को काट रहा है। आज विद्युत विभाग ने एचडीएफसी बैंक के बाहर लगे नीम के पेड को बिना अनुमति के काटकर फेंक दिया।

शनिवार को विद्युत विभाग ने जिला मुख्यालय के एचडीएफसी बैंक के बाहर लगे नीम के पेड को बिना अनुमति के काट दिया है। बिना अनुमति के पेड काटे जाने का वहां के लोगों ने विरोध जताया। विद्युत कर्मियों ने कहा कि विद्युत तारों को दुरुस्त करने को पेड काटा है। ऐसे में अनुमति लेने की जरूरत नहीं समझी।

विद्युत विभाग के इस तरह से पेड काटे जाने का क्षेत्रीय लोगों ने विरोध जताया है। कहा है कि बडी मेहनत से पेड तैयार होते हैं। विद्युत विभाग जब मर्जी होती है, तब बेवजह पेड काट डालते हैं। पेडों को तैयार होने में कई वर्ष लगते हैं। विद्युत विभाग ने नीम के हरे पेड को आनन-फानन में काटकर फेंक दिया है।

## एक मार्च को होगी पेंशन अदालत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा की अध्यक्षता में एक मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे आयुक्त कार्यालय बांदा में मंडलीय पेंशन अदालत एवं सेवा निवृत्त अध्यापकों/ कर्मचारियों के लम्बित देयकों बाबत जनसुनवाई होगी।

शनिवार को उन्होंने बताया कि पेंशन अदालत बाबत वाद पत्र/प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों, जनसुनवाई बाबत पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन चित्रकूटधाम मंडल बांदा में पंजीकृत डाक से या व्यक्तिगत 12 फरवरी को शाम चार बजे तक दे सकते हैं। पेंशन अदालत बाबत वाद पत्र तथा जनसुनवाई बाबत पत्र की एक प्रति कर्मचारी मूल कार्यालय में देंगे।

## मुकदमे बाबत वाहनों को करायें नीलाम: एसपी



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने सीओ कार्यालय मऊ व थाना मऊ का निरीक्षण कर रजिस्टरों को देखकर दुरुस्त करने के निर्देश दिये। शनिवार को एसपी अरुण कुमार सिंह ने थाना परिसर का भ्रमण कर महिला हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष, आरक्षी बैरिक, भोजनालय व आवासीय परिसर देखे। साफ-सफाई के निर्देश देते हुए कार्यालय के रजिस्टरों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने माल मुकदमाती भी देखे। निर्देश दिये कि थाने में पडी सामग्री की नीलामी अदालत से आदेश के बाद करायें। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी को मुकदमों बाबत वाहनों/मालों को चिन्हित कर निस्तारण के निर्देश दिये। लंबित विवेचनाओं के निस्तारण को वांछित/वारंटी, जिला बदर, गैंगेस्टर, इनामिया की गिरफ्तारी व हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी के निर्देश दिये।

## पुलिस ने वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा कृपानन्दन शर्मा ने जानलेवा हमला, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वारंटी बुद्धन केवट पुत्र धर्मपाल निवासी भिटरिया को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा कृपानंदन शर्मा, सिपाही नागेश कुमार शामिल रहे।

## साले की बहन की शादी कराना पड़ा भारी

**अखंड भारत संदेश**

**भरतकूप/चित्रकूट।** घर से भागी लड़की को अपने घर पर लाना पीडित को महंगा पड़ गया। मप्र के पन्ना जिले के धर्मपुर थाना क्षेत्र सेघर से भागी लड़की को पुलिस की सुपुर्दगी में घर लाना व उसकी शादी करवाना नरोत्तम उर्फ बबलू को खासा महंगा पड गया। भरतकूप थाना क्षेत्र के अकबरपुर के नरोत्तम उर्फ बबलू ने बताया कि लड़की के पिता ने साजिश के तहत पुलिस की सुपुर्दगी में लड़की को उसके साले ने उसके घर भेजकर उससे पैसा लेकर लड़की की उसके गांव में शादी करवा दी। जब उसे शादी में दिए पैसों की मांग की तो उसने फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी। परेशान पीडित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। फर्जी मामले में फंसाने से बचाने व पैसा दिलाने की मांग की है। साजिशकताओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## जुंआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार, नगदी बरामद

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज पुलिस सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगा रहे अपराधियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर चार लोगों को गिरफ्तार कर नगदी बरामद करते हुए लिखा पड़ी किया।

प्रभारी निरीक्षक मुट्ठीगंज सुनील बाजपेई के निर्देश पर उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार यादव अपने हमराहियों के साथ सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 4 अभियुक्तों पप्पू यादव पुत्र रमेश चन्द्र यादव निवासी 168 ऊँचामण्डी थाना मुट्ठीगंज जनपद प्रयागराज, दीपक साहू पुत्र रमाशीष साहू निवासी 180/373 कटघर थाना मुट्ठीगंज जनपद प्रयागराज, राज निषाद पुत्र हरिश्चन्द्र निषाद निवासी 182 मल्लाही बस्ती कटघर थाना मुट्ठीगंज जनपद प्रयागराज व रिंकू कन्नौजिया पुत्र नाथू लाल कन्नौजिया निवासी इन्दलपुर रोड दांडी नैनी थाना नैनी जनपद प्रयागराज को ईसीसी कालेज के पीछे ओम नमः शिवाय मन्दिर के पास थाना क्षेत्र मुट्ठीगंज से गिरफ्तार कर कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 1880/-रुपये मालफड़ व 1250/-रुपये जामा तलाशी के बरामद किये गये।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में निपटे दो मामले

### औपचारिकता बने समाधान दिवस

**अखंड भारत संदेश**




**मऊ/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्यायें सुनी।

शनिवार को मऊ तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी की मौजूदगी में जिलाधिकारी ने आई शिकायतों के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण कर निस्तारण आख्या देखी। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण हो रहा है, समस्याग्रस्त को भी निस्तारण बाबत बतायें। समस्याग्रस्त व्यक्ति समस्या निस्तारण से संतुष्ट हो सके। जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन से निर्धारित समय सीमा भीतर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशानुसार करें। बंदोबस्त अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी चकबंदी अधिकारियों को निर्देश जारी करायें कि ऑफिस में रजिस्टर दुरुस्त करायें। जिन-जिन विभागों की संपूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें मिली हैं, उनका मौके पर जाकर निस्तारण करायें। एसडीएम व थाना प्रभारियों से कहा कि भूमि संबंधी मामले मे राजस्व, चकबंदी व पुलिस टीम गठित कर मौके पर समस्या निस्तारण करायें। उन्होंने कहा कि शासन के कडे निर्देश हैं कि जमीन बाबत मामलों को तत्काल निस्तारण करायें। एसडीएम राकेश पाठक ने बताया कि आज 93 शिकायतें आई हैं, जिनमें दो का निस्तारण हुआ है। इस मौके पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीएफओ डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह, सीओ मऊ जयकरन सिंह, उप कृषि निदेशक राजकुमार, बन्दोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान, डीडीओ आरके त्रिपाठी, तहसीलदार मऊ विजय कुमार यादव, बीडीओ रामजी मिश्रा, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चन्द्रा, अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम, जिला विद्यालय निरीक्षक एसके मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीड़ी विश्वकर्मा, डीएसओ आनंद कुमार सिंह, खाद्य एवं विपणन अविनाश कुमार झा आदि मौजूद रहे।

**अधिकारियों को नहीं पडता कोई फर्क!**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सम्पूर्ण समाधान दिवस हो या आईजीआरएस कहीं भी कोई शिकायत की जाये तो उसका समाधान नहीं होता। ये सब दिवस औपचारिकता की भेंट चढते जा रहे हैं। सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ के निदेशों का जिले में रंचमात्र पालन नहीं हो रहा। अधिकारी अपनी चाल में मस्त हैं, जनता बुरी तरह पस्त है। अधिकारियों को जनता से कोई सरोकार नहीं दिख रहा। चाहे जहां शिकायत की जाये अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पडता।

## पीडीए की एकजुटता से सपा जीतेगी लोकसभा: मान सिंह पटेल

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक में विशिष्ट अतिथि बतौर लोहियावाहिनी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्भय सिंह पटेल की मौजूदगी में उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बताया कि सपा पीडीए को लेकर समाज के दलित, अति पिछड़ों, आदिवासियों को जोड़कर एकता-अखंडता कायम रखेगी।

शनिवार को बैठक में बतौर मुख्य अतिथि निर्भय सिंह पटेल ने कहा कि सपा आंदोलन से निकली पार्टी है। हमेशा दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। पटेल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बूथों पर वोट बढ़ाकर सपा प्रत्याशी को लोकसभा में भेजने का काम करना है। जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि जिले में पीडीए पखवाड़ा का सफल आयोजन हुआ है। हर सेक्टर पर जन चैपाल लगाई है। बूथ के सभी बूथ प्रभारियों ने आमजनता से संपर्क किया है। पीडीए पखवाड़ा की सफलता पर कार्यकताओं-नेताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा से कोई लड़ाई लड़ रहा है तो वह समाजवादी पार्टी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी बूथों में मतदाता सूची बांटने का काम जल्द पूरा किया जायेगा, छूटे मतदाताओं के नाम जोड़ने का काम हो सके। सपा अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव सपा पीडीए की एकजुटता से जीतेगी। भाजपा ने ये चुनाव जीत लिया तो चुनाव अन्तिम होगा। भाजपा सरकार संविधान को नहीं मानती। ऐसे में चुनाव भी नहीं करायेगी। अभी नहीं चेते तो कभी नहीं चेतेंगे।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, लवलेश यादव, श्रीमती रमा यादव, सची गुप्ता, उमा यादव, अंजू सोनी, प्रतिभा देवी, अंजना विश्वकर्मा, सीताराम कश्यप, उमाकांत यादव, रामकिशोर कुरील, हरिमोहन यादव, निजाम सिद्दीकी, मो गुलाब खान, गोरेलाल पासवान, जगदीश यादव, अरसद खान, राजा यादव, शीलू यादव, अमृतलाल गुप्ता, संदीप प्रजापति, संतोष कोटार्य, रमेश चंद्र शास्त्री, तीरथ यादव, जागेश्वर यादव, रामप्रसाद वर्मा, मेघराज प्रजापति, त्रिभुवन सिंह, विनोद जायसवाल, विजय गौतम, राजीव लोचन त्रिपाठी, आकाश पटेल, धनंजय चंदेला आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव सत्य नारायण पटेल ने किया।

## राशन बंटवाने गये शिक्षक को एबीएसए ने किया गैरहाजिर, शिक्षक ने बीएसए से लगाई न्याय की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप के प्रधानाध्यापक गया प्रसाद बौद्ध ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि जिलाधिकारी के आदेश पर अनुसूचित जाति को खाद्यान्न बंटवाने को अकबरपुर गांव में पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। आदेश के अनुपालन में 19 जनवरी को खाद्यान्न बंटवाने को भरतकूप स्टेशन राशन की दुकान गया था। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में 2.50 बजे निरीक्षण करने पहुंचे। स्टाफ के शिक्षकों ने बताया कि प्रधानाध्यापक बतौर पर्यवेक्षक राशन बंटवाने गये हैं।

शनिवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप के प्रधानाध्यापक गया प्रसाद बौद्ध ने कहा कि स्टाफ ने उन्हें फोन से बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालय आए हैं। उन्हें गैरहाजिर कर दिया है। वे तत्काल विद्यालय पहुंचे, खंड शिक्षा अधिकारी वाहन में बैठे थे, नमस्ते करने व गाड़ी रुकवाने को हाथ दिया, गाड़ी रोके बिना सीधे कर्वी चले आये। विद्यालय पहुंचकर स्टाफ समेत 3.13 बजे जीपीएस कैमरा से फोटो खींचकर खंड शिक्षा अधिकारी के व्हाट्सअप नंबर 9452 674428 पर भेजा। 3.08 बजे फोन किया, फोन नहीं उठा। उन्हें कोई उत्तर नहीं मिला। खंड शिक्षा अधिकारी ने बिना पत्र व्यवहार के निरीक्षण कर उन्हें गैरहाजिर कर दिया। 24 साल की सेवा में वह कभी गैरहाजिर नहीं रहे। खंड शिक्षा अधिकारी शोषण की गरज से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। साक्ष्य समेत 20 जनवरी को बीएसए कार्यालय में पत्र रिसीव करा रहा था। उनका वेतन काटने का आदेश खंड शिक्षाधिकारी ने जारी कर दिया है। पीडित प्रधानाध्यापक ने मांग किया कि उन्हें न्याय दिया जाये।

## बच्चों का करें शैक्षिक-बौद्धिक विकास: बीईओ



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** निपुण भारत मिशन के चार दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर बीईओ कृष्णदत्त पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण में विशेष रुचि लेकर बच्चों को पढायें। बच्चों को ऐसी शिक्षा दें कि उनका शैक्षिक व बौद्धिक विकास हो सके।

शनिवार को मऊ बीआरसी में निपुण भारत मिशन के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि बीईओ कृष्णदत्त पाण्डेय ने समापन पर कहा कि चार दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों ने बुनियादी भाषा व गणित के बारे में विधिवत प्रशिक्षण लिया है। प्रशिक्षण में सिखाई बातों का बच्चों पर अमल करायें। बच्चों को ऐसी शिक्षा दें कि उनका शैक्षिक व बौद्धिक विकास हो सके।

प्रशिक्षण में मऊ ब्लाक के सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षामित्र शामिल रहे। सभी को प्रशिक्षण में शिक्षण की बारीकियां सिखाई गईं। प्रशिक्षण सन्दर्भदाता छविलाल प्रजापति, महेश प्रसाद, सुशील कुमार पाण्डेय, गंगाधर द्विवेदी व आनन्द कुमार मिश्रा शामिल रहे।

## एसडीएम-एएसपी ने चार मामले निपटाये

**अखंड भारत संदेश**



**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर तहसील सभागार में एसडीएम प्रमोद कुमार झा व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी तथा सीओ श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस में तीस फरियादियों ने समस्यायें सुनाई।

शनिवार को तहसील सभागार में अधिकारियों ने मौके पर चार पत्रों का निस्तारण हुआ। राजस्व संबंधी मामले ज्यादा छाये रहे। पर्यावरण बचाने की गरज से एएसपी व सीओ ने मातृशक्ति का प्रतीक सिन्दूर का वृक्ष लगाये। वृक्षारोपण बाद सीओ निष्ठा उपाध्याय ने कहा कि सनातन धर्म को मानने वाली मातृशक्तियां सिन्दूर को सौभाग्य का प्रतीक मानती? हैं। सिन्दूर वृक्ष देवी तत्व रुप में जाना जाता है। पुरातन काल से मातृ शक्तियां सिर पर सिन्दूर धारण कर पति के दीर्घायु की कामना करती हैं। कहा कि वृक्षों को लगाना आसान है, उनका संरक्षण-पोषण नवजात शिशु की तरह करना चाहिए। समाधान दिवस बाद एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि पूर्व तहसील दिवस व थाना दिवस में आई शिकायतों का निस्तारण पारदर्शिता से किया जाये। किसी भी शिकायतकर्ता के साथ भेदभाव न कर दोनो पक्षों की शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित किया जाये। शिकायतकर्ता के आरोप लगाने पर पुनः सक्षम अधिकारी से जांच कराई जाये। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर फूलचंद यादव, नायब तहसीलदार राजीव कुमार, अधिशासी अधिकारी बीएन कुशवाहा, इंचार्ज प्रभारी निरीक्षक सरधुआ अंजनी कुमार सिंह, चकबंदी अधिकारी अनंत सिंह, सहायक चकबंदी अधिकारी महेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता विद्युत डीके सिंह आदि मौजूद रहे।

## पैथोलॉजी सेंटरों की ज्यादातर रिपोर्ट निकली है गलत, नर्सिंग होम एक्ट का नहीं हो रहा पालन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में नर्सिंग होम, हास्पिटल, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब संचालन को योगी सरकार ने नर्सिंग होम एक्ट बनाया है। हालात ये हैं कि स्वास्थ्य विभाग एक्ट का पालन नहीं करा रहा। कयास हैं कि जिले में सैकडों पैथोलॉजी लैब है। दर्जन भर से कम ही लाइसेंस लेकर लैब चला रहे हैं। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की इस हरकत का खुलासा हुआ। बताया गया कि नर्सिंग होम एक्ट के तहत नर्सिंग होम, हास्पिटल, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब पंजीयन कराना उचित नहीं समझते। इसीलिए जगह-जगह एक्ट का उल्लंघन हो रहा है। पैथोलॉजी जांच केन्द्रों पर स्वास्थ्य विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता। क्या अधिकारियों की मिलीभगत है या फिर कोई और कारण। ये दशा जिला मुख्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे जिले की है। बिना पंजीयन के धड़ल्ले से पैथोलॉजी जांच केन्द्र चल रहे हैं। किसी को कार्रवाई का भय नहीं है। पैथोलॉजी सेंटर की भरमार है। मुख्य सड़क से लेकर तंग गलियों तक में पैथोलॉजी सेंटर चल रहे हैं। इन पैथोलॉजी सेंटर पर टेक्नीशियन व डॉक्टरों के नाम के बड़े-बड़े बोर्ड भी लगे हैं। बेहतर जांच का दावा करने वाले इन पैथोलॉजी सेंटर की जांच रिपोर्ट पर मरीजों का इलाज आगे खतरनाक साबित हो सकता है। हकीकत में जहां-तहां चल रहे पैथोलॉजी सेंटर की जांच रिपोर्ट गलत निकलती हैं। खुद कई डॉक्टर मरीजों से कराई जाने वाली जांच रिपोर्ट में असमंजस में पड़ जाते हैं। हैरानी है कि धड़ल्ले से आंखों में धूलझोंक रहे पैथोलॉजी सेंटर का सच सबको पता है। स्वास्थ्य महकमा आंखें बंद किये चुप्पी साधे है। पैथोलॉजी सेंटर का सच स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से भी छुपा नहीं है। ज्यादातर पैथोलॉजी सेंटर पर बिना टेक्नीशियन के जांच होती है। जांच में चिकित्सीय उपकरण की दशा भी हैरान करने वाली है। पैथोलॉजी सेंटर की आड़ में जांच के नाम पर मरीजों से पैसा वसूलने का खेल स्वास्थ्य महकमे की चुप्पी से खासा फलफूल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की माने तो जल्द ही अवैध ढंग से चल रहे पैथोलॉजी सेंटर पर कार्रवाई की जाएगी।

## पानी-भूमि मिलने के स्थान को कहते हैं वेटलैंड: डॉ एनके सिंह

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** विश्व वेटलैंड दिवस पर गुन्ता बांध पर सरदार पटेल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। रानीपुर टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉ एनके सिंह ने मौजूद छात्र-छात्राओं को वेटलैंड दिवस पर कहा कि वेटलैंड यानी नमभूमि या आद्रभूमि होती है, जो जमीन का वह हिस्सा होता है, जहां पानी व भूमि आपस में मिलते हैं, उसे वेटलैंड कहा जाता है।

शनिवार को रानीपुर टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉ एनके सिंह ने कहा कि वेटलैंड या आर्द्रभूमि की मिट्टी किसी झील, नदी, तालाब किनारे का वह हिस्सा है, जहां बहुत ज्यादा मात्रा में नमी पाई जाती है। ये कई मायनों में बहुत फायदेमंद होता है। 25 प्रजातियों के पक्षी भी इस मौके पर दिखाये। वर्ड फेस्टिवल का आयोजन भी हुआ। स्कूली छात्रों को डैम में मौजूद विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों के बारे में बताया और पक्षियों को दिखाया। उन्होंने कहा कि वेटलैंड दिवस पर चित्रकूट वन प्रभाग के सभी रेन्जो में कार्यक्रम हुए हैं। विभाग की ओर से चित्रकला, निबंध, भाषण प्रतियोगिता भी हुई है। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया है।

# अमेरिका ने इराक और सीरिया में ईरान के 85 से ज्यादा ठिकानों पर बमवर्षक विमानों से हमला किया



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने इराक और सीरिया में सात स्थानों पर ईरान के 85 से अधिक ठिकानों पर बमवर्षक विमानों से हमला किया। मध्य पूर्व संकट के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका की यह कार्रवाई पिछले दिनों जॉर्डन में ड्रोन हमले के दौरान तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद हुई है। इन सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए मंगलवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ड्रोन हमले का जवाब देने का वादा किया था। मध्य पूर्व में बढ़ती शत्रुता के बीच उन्होंने कहा है, " अब हमारी प्रतिक्रिया आज शुरू हुई।"

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ्ते जॉर्डन में किए गए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद अमेरिका ने ये जवाबी कार्रवाई की है। अमेरिका ने हमलों को लेकर पहले ही चेतावनी जारी की थी। हालांकि हमले कब और कहां होंगे, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी थी। अब अमेरिका ने इराक और सीरिया में ईरान समर्थित मिलिशिया और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 85 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया है।

यूएस सेंट्रल कमांड ने बयान में कहा कि हमलों में सिर्फ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कुद्स फोर्स के साथ ही इससे संबंधित मिलिशिया समूहों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना ने अपने बम बरसाने वाले विमानों से 85 से ज्यादा लक्ष्यों को निशाना बनाया। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स हैंडल पर लिखा है, "दो फरवरी को शाम चार बजे यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) बलों ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) कुद्स फोर्स और उससे संबंधित मिलिशिया समूहों के खिलाफ इराक और सीरिया में हवाई हमले किए। अमेरिकी सैन्य बलों ने बम बरसाने वाले विमानों से 85 से ज्यादा लक्ष्यों को निशाना बनाया। इन हमलों पर सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स युद्ध मॉनिटर ने कहा है कि पूर्वी सीरिया में हुए हमलों में करीब 18 ईरान समर्थक लड़ाके मारे गए।

मॉनिटरिंग ग्रुप ने कहा है कि अल्बु कमाल में इराकी बॉर्डर के पास दीर एजोर शहर से 100 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक फैले पूर्वी सीरिया के एक बड़े हिस्से पर चल रही कार्रवाई में हथियार डिपो समेत ईरान समर्थक समूहों की करीब 26 अहम जगहों को नष्ट कर दिया गया है।

# बांग्लादेश में बंगाल टाइगर की पिटाई से मौत!, जांच के आदेश



**ढाका।** बांग्लादेश में पंचागढ़ की नागर नदी में कल (शुक्रवार) दोपहर बंगाल टाइगर का शव बरामद हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह भारत से दरखोर सीमा क्षेत्र से होता हुआ बांग्लादेश पहुंचा। इसने एक गाय को मार डाला और उसका आधा भाग खा गया। बाद में गाय के मालिक ने उसके (गाय) बाकी शव में जहर मिला दिया। बाद में इसे खाने से बंगाल टाइगर की मौत हो गई।

ढाका ट्रिब्यून अखबार ने इस घटना पर विस्तृत रिपोर्ट जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, एक फेसबुक वीडियो से पता चलता है कि स्थानीय लोगों की पिटाई से बंगाल टाइगर की मृत्यु हो गई। वन्यजीव फोटोग्राफर और पर्यवेक्षक फिरोज अल सबा ने दावा किया कि जब जंगली जानवर भोजन की तलाश में सीमा पार करते हैं तो स्थानीय लोग अकसर उनकी पिटाई करते हैं। यही घटना बंगाल टाइगर के साथ भी घटी होगी। उन्होंने कहा, "पकड़े गए जानवरों को मारने के बजाय उन्हें वन विभाग को सौंप दिया जाना चाहिए।" अटवारी पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) सोहेल राणा ने कहा है कि बीजीबी सदस्यों और स्थानीय लोगों की मदद से मृत बंगाल टाइगर को बरामद कर लिया गया है। इसके बाद उसे उप जिला पशुधन कार्यालय पहुंचाया गया। वहां उसका शव परीक्षण किया गया। घटना की जांच के लिए तीन लोगों जांच कमेटी का गठन किया गया है। जिला वन विभाग के प्रभारी मधु सुधन बर्मन ने कहा कि बंगाल टाइगर की मौत का कारण शव परीक्षण की रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा।

## कराची में चुनाव प्रचार के दौरान पोस्टर फाड़ने से भड़की हिंसा, किशोर के सिर पर लगी गोली, मौत





**कराची।** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची के न्यू कराची सेक्टर 11-जे में शुक्रवार रात चुनाव प्रचार के दौरान पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) कार्यकताओं के बीच हुई झड़प में एक 12 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। इस झड़प में दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए।

जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक सप्ताह के भीतर कराची की दो प्रमुख पार्टियों के बीच यह दूसरी घातक झड़प है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान अब्दुल रहमान के रूप में हुई है। गोलियों और डंडों से घायल लोगों में 40 वर्षीय अशरफ और 16 वर्षीय शुमैल शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, इस झड़प के दौरान एक गोली अब्दुल रहमान के सिर को पार कर गई। अब्दुल ने मौके पर दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि एक राजनीतिक दल के पोस्टर फाड़ने के बाद यह झड़प हुई। इस संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## जापान का शिका परमाणु संयंत्र भूकंप से उबर नहीं पाया



**टोक्यो।** जापान का शिका परमाणु संयंत्र इस साल के पहले दिन आए 7.6 तीव्रता के भूकंप से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इशिकावा प्रांत में स्थापित इस परमाणु ऊर्जा संयंत्र में भूकंप ने कई तरह की समस्याएं पैदा कर दी हैं।

जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, शक्तिशाली भूकंप के झटके परमाणु ऊर्जा संयंत्र की संचालक होकुरिकु इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के अनुमानों से आंशिक रूप से अधिक थे। भूकंप के कारण संयंत्र के ट्रांसफार्मर से तेल का रिसाव हुआ और बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई।

शिका परमाणु संयंत्र में नंबर 1 और नंबर 2 रिएक्टर को भूकंप से बहुत पहले ऑफलाइन कर दिया गया था। 10 जनवरी को कंपनी ने कहा था कि नंबर 2 रिएक्टर को फिर से शुरू करने से पहले नए नियामक मानकों की समीक्षा की जा रही है। फिलहाल ईंधन भंडारण पूल में कुल 1,657 परमाणु ईंधन असेंबलियों को बाहरी ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग करके ठंडा किया जा रहा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले इमरान खान की पार्टी ने टाला पार्टी का संगठनात्मक चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने ह्यप्रशासन द्वारा उत्पन्न दुर्भाग्यपूर्ण सुरक्षा स्थितिह्न और सदस्यों द्वारा उठाई गई चिंताओं का हवाला देते हुए आठ फरवरी के आम चुनाव से पहले अपने महत्वपूर्ण आंतरिक चुनाव कराने के अपने फैसले को शुक्रवार को टाल दिया। ज्ञात रहे कि पार्टी प्रमुख व पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में बंद हैं।देश के आम चुनाव में बमुश्किल एक हफ्ते का समय बचा है। 71 वर्षीय खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने पांच फरवरी को पार्टी का संगठनात्मक चुनाव कराने की बृहस्पतिवार को घोषणा की थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष गौहर खान ने पूर्व प्रधानमंत्री के निर्देश पर संगठनात्मक चुनाव को स्थगित करने की घोषणा की और कहा कि संगठनात्मक चुनाव अगले सप्ताह के आम चुनाव से ध्यान भटका सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना में पार्टी ने कहा कि उसका आंतरिक चुनाव अब आम चुनाव के बाद होगा। इसमें कहा गया कि ह्यप्रशासन द्वारा उत्पन्न की गई दुर्भाग्यपूर्ण सुरक्षा स्थितिह्न और सदस्यों द्वारा उठाई गई चिंताओं के कारण पार्टी का आंतरिक चुनाव पुनर्निर्धारित किया गया है। यह घोषणा ऐसे समय की गई जब सादे कपड़ों में पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने कथित तौर पर बृहस्पतिवार को पार्टी के केंद्रीय सचिवालय पर छापा मारा और इसे अपने नियंत्रण में ले लिया तथा सदस्यों को परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया। इस बीच, जेल में बंद इमरान खान ने शुक्रवार को दावा किया कि अगर उन्होंने अमेरिकी ताकत को चुनौती नहीं दी होती, तो भविष्य में पाकिस्तान का कोई भी प्रधानमंत्री अपने आंतरिक मामलों में स्पष्ट विदेशी हस्तक्षेप का सामना करने की हिम्मत नहीं कर पाता। वर्तमान में रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद खान ने ह्यएक्सह्न पर यह बताने की कोशिश की कि आखिर उन्हें कई ह्यह्यमनगढ़ंतह्नह्न मामलों में ह्यदंडितह्न क्यों किया गया। उन्होंने लोगों से ह्यबदमाशोंह्न को उखाड़ फेंकने के लिए चुनाव में वोट के हथियार का उपयोग करने का भी आग्रह किया। खान को गोपनीय दस्तावेज उजागर करने और उपहारों को बेचने के मामलों में क्रमशः 10 और 14 साल की कैद की सजा सुनाई गई है। वह पिछले साल अगस्त से जेल में बंद हैं।

# हॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता कार्ल वेदर्स का 76 वर्ष की आयु में निधन



**न्यूयॉर्क।** हॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता कार्ल वेदर्स का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। रॉकी और प्रीडेटर जैसी में फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से पहचान बनाने वाले वेदर्स ने गुरुवार को आखिरी सांस ली। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, उनके परिवार ने मौत की पुष्टि की है। परिवार ने यह साफ नहीं किया कि कार्ल वेदर्स का निधन कहां हुआ।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, उनके परिवार ने एक बयान में कहा कि वह "नींद में हमेशा के लिए शांति से सो गए।" कार्ल वेदर्स ने फिल्मों और टीवी शो में अपनी बहुमुखी प्रतिभा से सभी को अपना फैन बना लिया। परिवार ने बयान में कहा कि कार्ल ने असाधारण जीवन जीया। फिल्म, टेलीविजन, कला और खेल में अपने योगदान के माध्यम से उन्होंने अमिट छाप छोड़ी है। दुनिया उनको याद करेगी।

अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म रॉकी में काम करने से पहले वह एक फुटबॉल खिलाड़ी थे। उनको बॉक्सिंग का कोई अनुभव नहीं था। वेदर्स ने रॉकी में अपोलो क्रीड की भूमिका के लिए ऑडिशन दिया और उसके लिए चयनित हो गए। इसके बाद उन्होंने ऑस्कर विजेता फिल्म रॉकी के तीन सीक्वल में काम किया। वह मुक्केबाजी के दिग्गज मुहम्मद अली को अपना प्रेरणास्त्रोत मानते थे। इस बात का जिक्र उन्होंने अपने कई इंटरव्यू में किया।

उन्होंने लगभग 80 फिल्म और टेलीविजन धारावाहिक में काम किया। 2000 के दशक की शुरूआत में उन्होंने सिटकॉम "अरेस्टेड डेवलपमेंट" में एक अभिनय कोच के रूप में यादगार भूमिका निभाई। हाल के वर्षों में उन्होंने एनिमेटेड फिल्म "टॉय स्टोरी 4" में कॉम्बैट कार्ल की आवाज दी और "स्टार वार्स" टेलीविजन धारावाहिक"द मांडलोरियन" में ग्रीफ कार्गा की भूमिका निभाई। इसमें उत्कृष्ट अतिथि अभिनेता के लिए 2021 में एमी पुरस्कार नामांकन अर्जित किया।

## न्यायाधीश ने जलवायु कार्यकर्ता थनबर्ग को तेल-गैस सम्मेलन में बाधा डालने के आरोपों से किया बरी



**लंदन।** स्वीडिश जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को लंदन में पिछले साल तेल एवं गैस उद्योग के एक बड़े सम्मेलन में प्रवेश अवरूद्ध करने के आरोपों से एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को बरी कर दिया। थनबर्ग को चार अन्य प्रतिवादियों के साथ बरी किया गया।

न्यायाधीश जॉन लॉ ने कहा कि 17 अक्टूबर 2023 की घटना के दौरान लोक व्यवस्था अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोपों के सिलसिले में थनबर्ग और अन्य के खिलाफ पेश किये गए सबूतों में काफी कमियां हैं। स्वीडिश पर्यावरणविद् के दोषी पाये जाने पर वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत उनपर 2,500 पाउंड (3,190 अमेरिकी डॉलर) तक का जुमार्ना लगा सकती थी। थनबर्ग (21) उन दो दर्जन से अधिक प्रदर्शनकारियों में शामिल थीं, जिन्हें 17 अक्टूबर को एनर्जी इंटेलिजेंस फोरम के दौरान एक होटल में प्रवेश रोकने के बाद गिरफ्तार किया गया था।

## सर्वेक्षण : पाकिस्तान में सेना को सबसे भरोसेमंद संस्था की रेटिंग



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हुए एक सर्वेक्षण में पाकिस्तानी सेना को 74 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग के साथ ह्यसबसे भरोसेमंद संस्थाह्न बताया गया है। वहीं, आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग को आठ संस्थानों में सबसे कम भरोसेमंद बताया गया है। यह जानकारी शुक्रवार को एक मीडिया रिपोर्ट में सामने आई।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इप्सोस पाकिस्तान ने जनवरी 2024 में वॉयस ऑफ अमेरिका (वीओए) के लिए ह्यपाकिस्तानी युवाओं की राजनीतिक भागीदारी परिदृश्यह्न नामक सर्वेक्षण किया। इसमें कहा गया कि सर्वेक्षण का नमूना आकार 2,050 उत्तरदाताओं का था। लक्षित उत्तरदाता देश भर से 18-34 आयु वर्ग के लोग थे। पाकिस्तानी सेना के बाद, देश की दूसरी सबसे भरोसेमंद संस्था उच्चतम न्यायालय को बताया गया जिसकी अनुमोदन रेटिंग 58 प्रतिशत है, जबकि मीडिया तीसरी सबसे बड़ी भरोसेमंद संस्था साबित हुई है। अखबार ने कहा कि उत्तरदाताओं के अनुसार राजनीतिक दलों की अनुमोदन रेटिंग 50 प्रतिशत है।

# तुर्किये में इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद को जानकारी बेचने के संदेह में सात गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद को जानकारी बेचने के संदेह में तुर्किये पुलिस ने शुक्रवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया है। तुर्किये के राष्ट्रीय खुफिया संगठन के एक संयुक्त अभियान में इन लोगों को धरा गया है। इन लोगों पर निजी जासूसों के माध्यम से मोसाद को जानकारी उपलब्ध कराने का आरोप है।

इस्तांबुल मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय द्वारा जारी वारंट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस आतंकवाद विरोधी और खुफिया शाखा के अधिकारियों ने इस्तांबुल और पश्चिमी तट के शहर इजमिर में छापेमारी की थी। माना जाता है कि जांच में दो अन्य संदिग्धों को पहले हिरासत में लिया गया था। पिछले महीने तुर्किये पुलिस ने इजरायल के लिए जासूसी करने के संदेह में 34 लोगों को हिरासत में लिया था। उन पर गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बनाने का आरोप था। इसमें तुर्किये में रहने वाले विदेशी नागरिकों की टोह लेना और पीछा करना, हमला करना और अपहरण करना शामिल था।